ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 277


दिल्ली अध्यादेश से जुड़े विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी; सोमवार को संसद में होगा पेश



## न्यूज रील्स

### पीएम मोदी ने देश को दी कन्वेंशन सेंटर की सौगात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े कन्वेक्शन सेंटर का बुधवार को उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली में रीडेवलप किये गये इस इंटरनेशनल एग्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर (आइइसीसी) में हवन और पूजा की। कन्वेंशन सेंटर का रीडेवलपमेंट 2,700 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस कन्वेंशन सेंटर में 9 से 10 सितंबर तक 18वीं जी-20 बैठक होगी।

### सरकार की कथनी-करनी में यही फर्क : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह के 25 जुलाई के पत्र का जवाब दिया है। उन्होंने पत्र लिख कर कहा कि केंद्र सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। खड़गे ने लिखा कि अमित शाह जी, जिस दिन पीएम ने विपक्षी दलों को अंग्रेज शासकों और आतंकवादी दल से जोड़ा, उसी दिन गृह मंत्री ने भावनात्मक पत्र लिख कर विपक्ष से सकारात्मक रवैया अपनाने को कहा। शाह ने खड़गे को पत्र में कहा था कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए विपक्ष को भी सहयोग करना होगा।

# मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मंजूर

- सभी दलों से बातचीत के बाद बहस का वक्त तय करेंगे: स्पीकर
- राज्यसभा में भी विपक्ष ने किया हंगामा, नारे लगाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र चल रहा है। बुधवार को भी मणिपुर मामले को लेकर विपक्ष का गतिरोध जारी रहा। लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसे लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने मंजूरी दे दी। दोपहर 12 बजे लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। स्पीकर ने नियमों के तहत 50 से ज्यादा सांसदों के समर्थन के बाद कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का समय सभी दलों से बातचीत के बाद तय करेंगे।

उधर, विपक्ष नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी की मांग करने लगा। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गयी। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक पारित हुआ। हालांकि बाद में विपक्ष के हंगामे के चलते इसे गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर अगले हफ्ते चर्चा हो सकती है। गुरुवार सुबह 10 बजे विपक्षी नेताओं की बैठक होगी। साथ ही स्पीकर भी गुरुवार को सभी दलों के नेताओं से बातचीत करेंगे। वहीं संभावना जतायी जा रही है कि अविश्वास प्रस्ताव पर दो दिन चर्चा की जा सकती है।

उधर, राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा लगातार जारी रहा। विपक्षी सांसद लगातार 'वी वांट जस्टिस, पीएम मोदी जवाब दो' के नारे लगाते रहे। विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन सदन से वॉकआउट कर दिया। हालांकि, सदन में कुछ विधेयक पास होने के बाद कार्यवाही 27 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गयी।



### मोदी की भविष्यवाणी वाला 2018 का बयान वायरल



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की भविष्यवाणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच साल पहले ही कर दी थी। दरअसल, 2018 में जब संसद में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तब लोकसभा में जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि मैं आपको शुभकामनाएं देना चाहता हूं कि आप इतनी तैयारी करें कि आपको 2023 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का मौका मिले।

### आज काले कपड़े पहन कर आयेंगे विपक्ष के सांसद

कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन दलों के सभी सांसद गुरुवार को संसद में राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में मिलेंगे। इसमें संसद में चर्चा किये जाने वाले जरूरी मुद्दों पर बातचीत होगी। साथ ही मणिपुर मुद्दे पर विरोध स्वरूप गठबंधन के सभी सांसद गुरुवार को संसद में काले रंग के कपड़े पहन कर आयेंगे।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# गिरना तय, फिर भी विपक्ष क्यों ले आया अविश्वास प्रस्ताव

## ■ इस तरह तो कम हो जायेगा इस अहम सियासी हथियार का असर

## ■ सियासी मुद्दों पर चर्चा के लिए दूसरे उपाय भी अपनाये जा सकते हैं

**मणिपुर हिंसा को लेकर संसद से सड़क तक विपक्ष और मोदी सरकार के बीच राजनीतिक टकराव जारी है। पिछले चार दिनों से संसद का मानसून सत्र शोर-शराबे की भेंट चढ़ जा रहा है। ऐसे में विपक्षी दल अब मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर मोदी सरकार के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये हैं। विपक्ष द्वारा इस ब्रह्मास्त्र के इस्तेमाल के बाद अब सरकार को साबित करना होगा कि उसके पास बहुमत है। वैसे इस प्रस्ताव का औंधे मुंह गिरना तय है। ऐसे में सवाल उठता है कि परिणाम तय होने के बावजूद विपक्षी दल यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों लाये हैं और इससे उनका कौन सा मकसद पूरा होगा। दरअसल बेंगलुरु बैठक के बाद विपक्षी दल मोदी सरकार पर हमले का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहते। इसके अलावा विपक्षी एकजुटता की कवायद को कांग्रेस ने जिस तरह हाइजैक किया है, उससे नीतीश कुमार और लालू यादव जैसे नेता खफा हैं। इस नाराजगी को दूर करने के साथ संसद में विपक्षी खेमे की केंद्रीय भूमिका तय करने के लिए कांग्रेस के लिए ऐसा कोई कदम उठाना जरूरी हो गया था, क्योंकि मणिपुर हिंसा मामले पर यदि वह पीएम मोदी को जवाब देने के लिए मजबूर करता है, तो इसका अलग सियासी संदेश तो जायेगा ही, साथ ही विपक्षी एकजुटता का पहला टेस्ट भी हो जायेगा। हालांकि कांग्रेस द्वारा इस सियासी ब्रह्मास्त्र का इस तरह इस्तेमाल करने से इसकी मारक क्षमता के कम होने का खतरा भी मंडरा रहा है। क्या है अविश्वास प्रस्ताव की कांग्रेस की राजनीति और चुनाव से ठीक पहले इसका क्या असर होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

संसद के निचले सदन, लोकसभा में विपक्षी दलों की तरफ से मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया गया है। कांग्रेस की अगुवाई वाले 26 विपक्षी दलों के गठबंधन ने यह अविश्वास प्रस्ताव दाखिल करने का फैसला एक संयुक्त बैठक में लिया है। इसके बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बुधवार सुबह 10 बजे दाखिल कर दिया। हालांकि लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास बहुमत के पर्याप्त आंकड़े होने के चलते विपक्ष का यह प्रस्ताव गिरना तय है। इसके बावजूद विपक्षी गुट की तरफ से प्रस्ताव दाखिल करने का क्या मकसद है, यह जानना जरूरी है।

### क्या हैं लोकसभा के आंकड़े

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को 352 सीटें मिली थीं, जिनमें भाजपा के पास फिलहाल 301 सीटें हैं। लोकसभा चुनाव के बाद 16 सांसद वाली जदयू और दो सांसद वाला शिरोमणि अकाली दल अलग हो चुके हैं, जबकि शिवसेना के 19 सांसदों पर अभी यह फैसला नहीं हुआ है कि वे एकनाथ शिंदे गुट में हैं या उद्धव ठाकरे गुट में। हालांकि यदि बात लोकसभा में बहुमत की हो, तो यह आंकड़ा महज 272 सांसदों का है, जो भाजपा अकेले दम पर भी पूरा करने में सक्षम है। इसके उलट विपक्षी दलों के पास 150 से भी कम सांसद हैं, जिनमें सबसे बड़ी संख्या कांग्रेस के 50 सांसदों की है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि विपक्षी गुट के इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को सीधे तौर पर कोई खतरा नहीं है।

### फिर भी क्यों लाया गया है अविश्वास प्रस्ताव

दरअसल विपक्ष की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर के हालात पर लोकसभा को संबोधित करें। इस मांग को लेकर संसद के मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही लगाातार बाधित रखी गयी है। इसके बावजूद पीएम मोदी सदन में संबोधित करने नहीं आये हैं। विपक्षी दलों ने अविश्वास प्रस्ताव के जरिये पीएम मोदी को संसद के अंदर बयान देने के लिए मजबूर करने की कोशिश की है। संयुक्त बैठक में लंबी चर्चा के बाद यह तरीका आजमाने का निर्णय लिया गया है, क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव आने पर पीएम मोदी को सदन में होनेवाली चर्चा में भाग लेना ही होगा।



### कांग्रेस ने कही है यही बात

कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी अविश्वास प्रस्ताव लाने का यही कारण बताया है। उन्होंने कहा कि यह तय हुआ है कि सदन में पीएम मोदी को बोलने के लिए मजबूर करने का इसके अलावा विकल्प नहीं है। सरकार विपक्षी दलों की मांग को स्वीकार नहीं कर रही है। मणिपुर के मुद्दे पर पीएम मोदी को कम से कम एक बार संसद में मजबूत बयान देना चाहिए, क्योंकि वह भारत के प्रधानमंत्री होने के साथ ही संसद में हमारे नेता भी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी यही बात ट्विटर पर कही है। उन्होंने ट्वीट में कहा, मणिपुर में हिंसा को चलते हुए 83 दिन हो गये हैं। प्रधानमंत्री को इस पर संसद में एक व्यापक बयान देने की जरूरत है। वहां हुई भयावहता की कहानियां अब धीरे-धीरे सामने आ रही हैं।

### विपक्ष ने की है यह तैयारी

विपक्षी गठबंधन के सभी 26 दलों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए पूरी तैयारी की है। कांग्रेस समेत सभी दलों ने अपने सांसदों को संसद भवन में बुधवार को मौजूद रहने का व्हिप जारी किया है।

### राज्यसभा में भी आजमायी जायेगी यही रणनीति

विपक्षी गुट के सभी दलों ने यह भी तय किया है कि मणिपुर के मुद्दे पर सरकार को संसद में चर्चा के लिए मजबूर करना है। इसके लिए लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी यही रणनीति आजमायी जायेगी। विपक्षी दलों को उम्मीद है कि इससे सरकार पर पर्याप्त नैतिक दबाव बनेगा और प्रधानमंत्री को सदन में चर्चा में शामिल होना पड़ेगा।

### विपक्षी एकता का होगा लिटमस टेस्ट


विपक्षी दलों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद मोदी सरकार मणिपुर हिंसा मामले पर लोकसभा में चर्चा करने के लिए मजबूर हो जायेगी। राज्यसभा में विपक्ष मणिपुर मामले को लेकर लगातार सरकार को घेर रहा है और अब लोकसभा में घेरने के मकसद से अविश्वास प्रस्ताव लाने का दांव चला है। लेकिन साफ है कि अविश्वास प्रस्ताव के बहाने विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपनी एकजुटता का लिटमस टेस्ट कर लेना चाहता है। लोकसभा चुनाव से पहले अविश्वास प्रस्ताव की नाव पर सवार होकर विपक्षी दल अपनी एकजुटता का अंदाजा लगाना चाहते हैं और साथ ही सदन में चर्चा के दौरान मणिपुर हिंसा मुद्दे पर मोदी सरकर को घेर कर अवधारणा बनाने की लड़ाई जीतने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव भले ही सफल न हो, लेकिन चुनाव से पहले विपक्ष अपने सहयोगी दलों की एकजुटता का टेस्ट कर लेगा। इसके अलावा विपक्ष की कोशिश उन दलों को भी साधने की है, जो अभी तक गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं।

---

# झारखंड में बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठिये, ले रहे मदरसों में पनाह : रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर स्पेशल ब्रांच ने एक रिपोर्ट जारी की है, जो चौंकाने वाली है। रिपोर्ट में स्पेशल ब्रांच ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए राज्य के अलग-अलग मदरसों में पनाह ले रहे हैं। इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज भी तैयार किया जाता है। फिर मतदाता सूची में उनका नाम डाला जाता है, रिपोर्ट में खुलासा है कि इन घुसपैठियों को फिर साजिश के तहत वहां बसाया जाता है। स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों से राज्य की आंतरिक व्यवस्था का खतरा बना रहता है। संथाल परगना क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिलों में भी ऐसे घुसपैठियों के प्रवेश करने की संभावना है, जिसकी निगरानी और जांच आवश्यक है।



### आदिवासी लड़कियों को गुमराह कर घुसपैठिए कर रहे शादी

गौरतलब है कि राज्य के सीमावर्ती इलाकों में बड़ी संख्या में मदरसे बनाये जा रहे हैं। जिससे बांगलादेशी घुसपैठिए इन इलाकों में आदिवासी लड़कियों को गुमराह कर उनसे शादी कर ले रहे हैं। झारखंड के साहिबगंज और पाकुड़ जिलों में ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। जिससे वहां की जनसंख्या पर भी असर पड़ रहा है।

### हाइकोर्ट ने पूछा, कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड में घुस रहे हैं

झारखंड में बांग्लादेशियों की घुसपैठ पर हाइकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्र और राज्य सरकार से पूछा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में कैसे घुस रहे हैं। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा कि संथाल परगना के सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेशियों के घुसपैठ की जानकारी है या नहीं। घुसपैठ हो रहा है, तो उसे रोकने के लिए क्या कदम उठाये गये, इसपर कोर्ट ने जवाब देने को कहा है।

### इन क्षेत्रों से बांग्लादेशी घुसपैठियों की आवाजाही हो रही है

एनआरसी लागू करवाने के लिए करीब पांच साल पहले झारखंड सरकार ने एक रिपोर्ट बनवायी थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की आबादी तेजी से बढ़ी है। चूंकि झारखंड से बांग्लादेश की सीमा महज 40 किमी ही दूर है। जिससे झारखंड में फरक्का, उढ़ावा, पीयारपुर, बेगमगंज, फूकदकीपुर, दियारा, चांदशहर और प्राणपुर आदि इलाकों से बांग्लादेशी घुसपैठियों की आवाजाही बड़े आराम से हो रही है।

---

# सरयू राय ने जमशेदपुर से एनएच-33 तक प्रस्तावित पुल के संबंध में मुख्यमंत्री से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा है कि लिट्टी चौक, जमशेदपुर से एनएच-33 तक पुल एवं पथ निर्माण के बारे में अबतक ढंग से सूचना नहीं मिली है। यह स्थिति तब है जब उन्होंने वर्ष 2022 में झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भी इसके बारे में पथ निर्माण विभाग से जानकारी मांगी थी। अब विधायक ने इसे लेकर विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिकायत की है। पत्र में निर्दलीय विधायक ने कहा है कि सदन में जानकारी मांगे जाने पर भी प्रश्नों का गलत या भ्रामक उत्तर दिया जाना सदन को गुमराह करना है। यह विधानसभा की भी अवमानना है। सदन में प्रश्न पूछने वाले सदस्यों के विशेषाधिकार का हनन ड्डाी है। पथ निर्माण विभाग की अन्यमस्कता एवं पूर्ववर्ती तथा वर्तमान सरकार के स्तर पर गंभीरता के अभाव के कारण जमशेदपुर और मानगो का यातायात नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण योजना अधर में लटक गयी है। ऐसे में मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि विधानसड्डाा के मानसून सत्र शुरू होने से पूर्व निर्धारित योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करें। योजना निर्माण की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दें। सरयू राय का कहना है कि उन्होंने 23 मार्च को सदन में लिट्टी चौक, जमशेदपुर से एनएच-33 के लिए पथ निर्माण एवं पुल के संबंध में जानकारी मांगी थी। इस पर पथ निर्माण विभाग ने बताया था कि जहां तक लिट्टी चौक एनएच-33 के लिए पथ निर्माण एवं पुल का प्रश्न है।



---

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गृह विभाग के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

# 413 आंदोलनकारी चिह्नित, अधिसूचना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुल 413 आंदोलनकारी को चिह्नित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। चिह्नित सभी आंदोलनकारियों को अनुमान्यता के आधार पर झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आंदोलकारियों को चिह्नित करने की प्रक्रिया गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी है। आने वाले दिनों में अन्य पात्र आंदोलकारियों को चिह्नित किया जायेगा।

**कहां के कितने आंदोलनकारी :** चिह्नित आंदोलनकारियों में बोकारो के 20, देवघर के 132, धनबाद के 12, गिरिडीह के 43, गोड्डा के 19, गुमला के 33, हजारीबाग के 23, कोडरमा के 13, लातेहार के 02, लोहरदगा के 29, रामगढ़ के 08, रांची के 47, साहिबगंज के 10 और सरायकेला के 22 आंदोलनकारी हैं।

### आंदोलनकारियों के प्रति संजीदा रहे हैं मुख्यमंत्री

सरकार गठन के बाद से ही मुख्यमंत्री आंदोलनकारियों के संघर्ष को सम्मान देने के प्रति संजीदा रहे हैं। यही वजह है कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने आंदोलनकारियों को चिह्नित करने के लिए आयोग के पुनर्गठन, आंदोलनकारी या उनके आश्रितों को मासिक पेंशन और अन्य सुविधाएं देने को लेकर निर्णय लिया है। झारखंड-वनांचल अलग राज्य के गठन के लिए चिह्नित पांच आंदोलनकारियों के मृत्युपरांत उनके आश्रितों को लाभ देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।



मुख्यमंत्री ने झारखंड-वनांचल एवं जेपी आंदोलनकारी चिह्नितकरण आयोग से प्राप्त 13वीं संपुष्ट सूची को भी पूर्व में स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है आंदोलन के अंतिम पंक्ति में शामिल रहे पात्र आंदोलनकारी को लाभ दिया जाये।

---

# चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल पर 500 रुपये का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत ने चेक बाउंस मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट में बुधवार को मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में अजय कुमार सिंह ने गवाह का बयान दर्ज करवाया जबकि अमीषा के वकील ने गवाह से क्रॉस एग्जामिनेशन (प्रतिप्रेक्षण) के लिए समय की मांग की। मामले की अगली सुनवाई सात अगस्त को होगी। अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक ने बहस की। उल्लेखनीय है कि फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का



मुकदमा 2017 में दर्ज कराया था। देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय से अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपये लिये थे। अजय के रुपये मांगने पर अमीषा ने दो चेक दिये, जो बाउंस हो गये। इसे लेकर अजय ने अमीषा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। पिछले दिनों अमीषा कोर्ट में हाजिरी लगा चुकी है।

---

# पीएम मोदी देंगे झारखंड को 1607 किसान समृद्धि केंद्र की सौगात : प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीकर, राजस्थान से देश भर के किसानों को बड़ी सौगात देंगे। श्री वर्मा ने बताया कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान के कल्याण के लिए संकल्पित है। किसानों की आय को दोगुनी करने की दृष्टि से केंद्र सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। इसी क्रम में 27 जुलाई को देश भर के किसानों को 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्र प्रधानमंत्री समर्पित करेंगे जिसमें 1607 केंद्र झारखंड राज्य के हैं। बताया कि 10 बजे सभी केंद्रों पर बड़ी संख्या में किसान भाई इस कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल होंगे।



### लाखों टन आयरन के निष्पादन के मामले में राज्य सरकार ने हाइकोर्ट में नहीं दिया जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने सारंडा के जंगल में आयरन ओर (लौह अयस्क) के खनन एवं उसके ट्रांसपोर्टेशन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए विधायक सरयू राय की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा था कि उसे निष्पादित करने की क्या प्रक्रिया अपनायी जा रही है लेकिन इस पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार का कोई शपथ पत्र नहीं आया। सरकार की ओर से समय की मांग की गयी, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह सितंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि फिलहाल सारंडा के जंगल में माइनिंग गतिविधि रुकी हुई है लेकिन पहले से वहां जो लाखों टन आयरन ओर निकाले गये हैं वह पड़ा हुआ है, जिससे वहां प्रदूषण की समस्या अभी भी बनी हुई है।

www.epaper.azadsipahi.in

27 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 277

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



देश में रूस जैसा मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाने की तैयारी: हवा में 400 किमी तक दुश्मन के एयरक्राफ्ट को तबाह कर देगा




## स्पीकर ने बुलायी सर्वदलीय बैठक, भाजपा रही दूर

# राजभवन को केवल हिंदी में भेजे जायेंगे विधेयक: स्पीकर

- सदन चलाने में पक्ष-विपक्ष का सहयोग जरूरी, दिक्कतों का समाधान करेंगे: रवींद्र नाथ महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 28 जुलाई से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय और सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरयू राय, कमलेश सिंह, अमित यादव और लंबोदर महतो ने भाग लिया। बैठक में बीजेपी का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ।

सर्वदलीय बैठक के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि उनका आग्रह रहता है कि सदन सुचारू रूप से चले और सभी सदस्य सदन के सफल संचालन में मदद करें, पक्ष और विपक्ष भी सहयोग करे। उन्हें उम्मीद है कि मॉनसून सत्र बेहतर रहेगा, इसमें व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना नहीं है, अगर कोई व्यवधान होगा तो उसका पटाक्षेप किया जायेगा और सदन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। स्पीकर ने कहा कि विधेयकों में त्रुटि होने और उसके वापस होने के कई मामले आये हैं और अब विधानसभा ने यह फैसला लिया है कि जिस भाषा में विधेयक विधानसभा में पास होगा, उसी भाषा में वो विधेयक राजभवन भेजा जायेगा। विधानसभा में विधेयक हिंदी में पास होता है, अगर किसी विधेयक के अनुवाद करने की आवश्यकता पड़े, तो राजभवन इसके लिए सक्षम है। स्पीकर ने कहा कि पिछले दिनों 3 दिन के कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आइएएस और झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया, इसका फायदा भी इस सत्र में मिलेगा। विधायिका और कार्यपालिका दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों को मिलकर काम करना है।

### इसका जवाब तो भाजपा वाले देंगे

सर्वदलीय बैठक में बीजेपी के शामिल नहीं होने के सवाल पर स्पीकर ने कहा कि यह उनका मामला नहीं है, बल्कि इसका जवाब बीजेपी को देना चाहिए। शायद उनकी कोई व्यस्तता होगी, इस वजह से वे बैठक में शामिल नहीं हो पाये। इसका जवाब तो भाजपा के प्रतिनिधि ही दे सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सदन सुचारू रूप से चले इसको लेकर तमाम विधायकों ने अपनी राय दी। बीजेपी के किसी प्रतिनिधि के शामिल नहीं होने पर आलमगीर आलम ने कहा कि पिछली कई बैठकों से बीजेपी के प्रतिनिधि नहीं आ रहे हैं, यह उनको तय करना है कि बैठक में शामिल हों या ना हों। अगर बैठक में आते तो अच्छा रहता।

### डीजीपी और सीएस के साथ भी की बैठक

इससे पहले स्पीकर ने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों का भी जायजा लिया। इसमें राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली के लिए सड़क जाम करनेवाले ग्रामीणों पर गोली

# कटिहार में फायरिंग, एक मरा

- दो लोगों की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती, एसपी ने कहा- मामले की होगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में बिजली विभाग के खिलाफ सड़क जाम करके प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति की पुलिस फायरिंग में मौत हो गयी। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि 5 लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने एक की मौत की पुष्टि की है। उसका नाम बासल गांव निवासी खुर्शीद आलम है। वहीं, बारसोई के चापाखोड़ पंचायत निवासी नियाज आलम की हालत नाजुक है।

दरअसल बुधवार सुबह 5 बजे से 11 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति बाधित थी। इसके कारण लोग आक्रोशित हो गये थे। बारसोई अनुमंडल में बुधवार दोपहर बिजली विभाग के खिलाफ कई लोग बिजली दफ्तर का घेराव करने पहुंचे थे। प्राणपुर के बस्तौल चौक और बारसोई प्रखंड मुख्यालय का मेन रोड जाम करके लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची। आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने गोली चलायी।

एसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि फायरिंग कैसे हुई, इसका आदेश किसने दिया। इसकी जांच कराई जायेगी। उधर, इस मामले को लेकर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गयी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बताया कि कटिहार में नीतीश कुमार की पुलिस ने गोली चलाकर आम लोगों को मारने का काम किया। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी हाई लेवल जांच की जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**नोटिस सं.-08 ऑफ 2023-24/खुला/गति शक्ति, डीडीयू**
मंडल रेल प्रबन्धक/गतिशक्ति/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं.-10-व.मं.इंजी.-गति शक्ति- डीडीयू-23-24**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् जी.सी. सेक्शन में लिफ्ट नं.-08 (अनुग्रहनारायण रोड-01, डेहरी ऑन-सोन-02, भभुआ-02 और सासाराम-03) का प्रावधान एवं संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** 2,36,20,354.30, **3. धरोहर राशि:** 2,68,100.00, **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 14.08.2023 को 12:00 बजे तक **5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

कृते मंडल रेल प्रबन्धक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/00822/डीडीयूडीएस/ईएनजीजी/टी/23-24/32

## न्यूज रील्स

### इडी डायरेक्टर का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केंद्र का कहना है कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स का रिव्यू चल रहा है, इसलिए संजय को 15 अक्टूबर तक पद पर रहने दिया जाये। इसके पहले 11 जुलाई को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का केंद्र का फैसला गैर-कानूनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद मिश्रा 31 जुलाई तक पद पर थे।

### यूपी में आइएनडीआइए को लेकर ट्विटर वार

लखनऊ। विपक्षी दलों के गठबंधन का नया नाम आइएनडीआइए को लेकर उत्तरप्रदेश में ट्विटर वार छिड़ा है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कौआ अपना नाम हंस रख ले तो भी वह मोती नहीं चुगेगा। अमावस्या की काली रात को पूर्णिमा का नाम देने से वह शीतल और प्रकाशवान नहीं हो जाती। वहीं, सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग आजादी के आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की मुखबिरी कर रहे थे, वे अब थोथे प्रवचन कर रहे हैं।

### मेरठ में चार लड़कों ने लड़की का वीडियो बनाया

मेरठ। मेरठ में चार युवकों ने एक नाबालिग लड़की का किडनैप किया। उसे जंगल ले गये। वहां कोल्ड ड्रिंक में कुछ मिला कर उसे पिला दिया। बेसुध होने के बाद उसके साथ दरिंदगी की। कपड़े निकाल कर उसका न्यूड वीडियो बनाते रहे। लड़की गिड़गिड़ाती रही। अपने कपड़े मांगती रही। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगे। तीन महीने के बाद लड़की का वीडियो वायरल कर दिया।

# इडी के सामने नहीं आये विष्णु अग्रवाल

- जमीन हेराफेरी मामले में होनी थी पूछताछ
- पूजा-पाठ का हवाला देकर हाजिर होने में जतायी असमर्थता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कारोबारी विष्णु अग्रवाल एक बार फिर प्रदर्शन निदेशालय (इडी) के सामने बुधवार को पेश नहीं हुए। उनसे रांची के चेशायर होम, पुगडू और सिरमटोली में सेना की जमीन समेत कई अन्य जमीन की खरीद-बिक्री में हुई हेराफेरी के संबंध में पूछताछ की जानी थी। इडी सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अधिकारियों को बताया है कि वे पूजा पाठ में व्यस्त हैं। यह लंबी अवधि की पूजा है। उन्होंने यह जानकारी मेल के माध्यम से दी है। इससे पहले वे स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इडी के सवालों से बचते रहे। अब वे भगवान का सहारा ले रहे हैं।

### 31 जुलाई को फिर से पेश होने का नोटिस

गौरतलब है कि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को इससे पहले 17 जुलाई को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन वे हाजिर नहीं हुए। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इडी से तीन सप्ताह का वक्त मांगा था। जांच एजेंसी ने उन्हें ज्यादा वक्त नहीं दिया। उन्हें फिर 26 जुलाई को बुलाया था। इडी की ओर से जारी समन में उन्हें 11 बजे तक इडी के क्षेत्रीय कार्यालय हिनू पहुंचने को कहा गया था। अग्रवाल के बुधवार को हाजिर नहीं होने के बाद इडी ने फिर से समन जारी कर 31 जुलाई को आने को कहा है।

### अफसर खान की गिरफ्तारी के बाद खुली थी पोल

जमीन से जुड़े मामले को लेकर खुलासा तब हुआ जब रांची के अफसर अली को इडी ने गिरफ्तार किया। इससे पहले साल 2022 के 4 नवंबर को जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल के कई ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। बाद में तीन बार विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा गया। जमीन के तमाम मामलों के साथ चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद में उनका नाम सामने आया था। जांच में इडी ने पाया कि जमीन की इस डील में प्रेम प्रकाश की भूमिका भी सामने आयी थी। वहीं पुगडू में 9.30 एकड़ खास महल जमीन की खरीद में भी फर्जीवाड़े की बात सामने आयी थी।

# सात जिलों के एसपी बदले

- बोकारो, साहिबगंज, देवघर, पलामू, गिरिडीह, सरायकेला और दुमका को मिला नया कप्तान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने सात आइपीएस का तबादला किया है। राज्य के सात जिले बोकारो, साहिबगंज, देवघर, पलामू, गिरिडीह, सरायकेला और दुमका को मिला नया पुलिस कप्तान मिला है। इन आइपीएस अधिकारियों को जिलों में एसपी के तौर पर तौनत किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गयी। जैप 3 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित प्रियदर्शी आलोक को बोकारो जिला का एसपी बनाया गया है। रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित नौशाद आलम को साहिबगंज जिले का एसपी बनाया गया है। वहीं, एसटीएफ एसपी के पद पर पदस्थापित अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर जिले का एसपी, धनबाद ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित रिश्मा रमेशन को पलामू, नव प्रोन्नत आइपीएस दीपक कुमार शर्मा को गिरिडीह, नव प्रोन्नत आइपीएस डॉ विमल कुमार को सरायकेला और नव प्रोन्नत आइपीएस पीतांबर सिंह खेरवार को दुमका का एसपी बनाया गया है।

**झारखंड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखंड विधान सभा का द्वादश (मानसून) सत्र दिनांक- 28.07.2023 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधान सभा परिसर में आयेंगे।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखंड विधान सभा, रांची

ज्ञाप संख्या :-जनसम्पर्क- 04/2023- 1882/ वि.स, रांची
दिनांक - 21/07/2023

**शोक संदेश**

ॐ ॐ

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।

"आत्मा किसी काल में भी न जन्म लेती है और न मरती है।
वह न तो कभी जन्मी है न तो कभी जन्म लेती है और न कभी जन्म लेगी।
आत्मा - अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है, शरीर के नाश होने पर भी इसका नाश नहीं होता।"



आत्मा का परमात्मा में विलीन होना विधि का विधान है। इसी विधानुसार परमपूज्या

**श्रीमती राजकुमारी शारदा**

(माताश्री - श्री संजय शारदा जी, चेयरमैन)

का स्वर्गवास दिनांक 26.07.2023 बुधवार को हो गया है। परमात्मा उनकी आत्मा को शन्ति प्रदान करें। विद्यालय उनके शोक में दिनांक 27.07.2023 को बंद रहेगा। स्टीम फेस्टीवल अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

शोकाकुल

**शारदा ग्लोबल स्कूल परिवार**

बुकरू, रांची

# टेलर से होने लगी कोयला तस्करी, निजी चालक कठघरे में

- कुजू पुलिस अवैध कोयला लदा टेलर किया जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़-कुजू मांडू के रास्ते कोयला तस्करों का एक बड़ा रैकेट काम कर रहा है। रैकेट में शामिल तस्कर अवैध कोयला लेकर बिहार जा रहा है। इस रैकेट ने अब कोयला टपाने का नया तरकीब खोज लिया है। कोयला चोर ट्रक का इस्तेमाल नहीं कर रहा है। उसकी जगह टेलर का प्रयोग कर रहा है, जिसका खुलासा कुजू पुलिस ने किया है। कुजू पुलिस ने अवैध कोयला लदा टेलर जब्त कर कोयला तस्करों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। इस कार्रवाई के बाद तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार रामगढ़ के वरीय पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि टेलर संख्या जेएच 09आर 4712 पर कोयला चोर अवैध कोयला लेकर कुजू मांडू के रास्ते बिहार ले जा रहा है। सूचना पर वरीय अधिकारी ने कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार को उक्त टेलर पकड़ने का निर्देश दिया। जिसके बाद ओपी प्रभारी विनय कुमार ने कुजू फोरलेन पर चालक और उपचालक को टेलर सहित पकड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज लिया है।

### पासिंग-इंट्री वसूल रहा है प्राइवेट चालक!

सूत्रों ने बताया कि रामगढ़ के एक थाना पदस्थापित एक पुलिस अधिकारी के निजी चालक का संबंध लोहा और कोयला कारोबारी से मधुर है। जिसके कारण वह अवैध कारोबार में सहयोग कर रहा है। उसके कुकृत्य से जिला पुलिस बदनाम भी हो रही है। उसने अधिकारी के नाम पर मोटी रकम भी वसूल रहा है। सूत्रों के अनुसार लोहा और कोयला के अवैध कारोबारी को जिला से वाहनों को बाहर निकानले के लिए इंट्री और पासिंग भी वसूल रहा है। उक्त चालक आई-20 और ब्लैक स्कॉर्पियो से चलता है। मामले की डिलिंग रामगढ़ के होटलों में करता है।







# मुख्यमंत्री ने अमर वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अदम्य साहस, शौर्य और वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शत-शत नमन। कारगिल युद्ध के नायकों-पराक्रमियों को शत-शत नमन है, जिन्होंने देश की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

# राज्यपाल ने एलिवेटेड रोड के निर्माण की ली जानकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ राजभवन में बैठक कर सहजानंद चौक से जज कॉलोनी तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने कारगिल विजय दिवस की दी शुभकामनाएं

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक कारगिल विजय दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत माता के अमर सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि उनकी वीर गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

# रांची में 23 से 27 फरवरी तक होगा भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। विराट, रोहित समेत तमाम बड़े प्लेयर रांची में खेलते नजर आयेंगे। 23 फरवरी से 27 फरवरी के बीच रांची में भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच खेला जायेगा। ये मैच रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में होगा।

23 फरवरी से 27 फरवरी 2024 को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले चौथे टेस्ट की मेजबानी रांची के जेएससीए को मिली है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की तकनीकी समिति ने घरेलू सत्र 2023-24 के लिए स्थानों की पुष्टि की है। जेएससीए में भारत ने दो टेस्ट मैच खेला है। पहला टेस्ट 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, जो ड्रॉ हुआ था। वहीं, दूसरा टेस्ट 19 अक्टूबर 2019 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था, जिसमें भारत ने पारी और 202 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी।

# नगर विकास सचिव से मिला प्रदेश जमीयतुल कुरैश का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश ने वधशाला का निर्माण करने और लाइसेंस निर्गत करने की मांग उठायी है। इसको लेकर जमीयतुल कुरेश का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे से मिला। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने सचिव को ज्ञापन भी सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल ने सचिव को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वधशाला निर्माण करने की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वधशाला नहीं होने की वजह से इससे जुड़े व्यवसायियों की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो चुकी है। सचिव ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अगर वधशाला नहीं है तो फिर प्रतिबंधित मांस कैसे पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दिशा में जल्द ही कार्रवाई होगी। प्रतिनिधिमंडल में कांटा टोली जमील कुरैशी पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, गुलाम जावेद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सीपीएम नेता सह जमीन करोबारी की गोली मारकर हत्या

## दलादली चौक के पास सुभाष मुंडा को बाइक सवार दो अपराधियों ने मारी गोली

## गुस्साए लोगों ने शराब दुकान में आग लगायी, मौके पर पहुंचे सिटी एसपी की गाड़ी में की तोड़फोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार की रात जिले के रातू थाना क्षेत्र के दलादली चौक के पास हुई। जहां एक बाइक से आये दो अपराधियों ने सुभाष मुंडा को गोली मार दी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा सुभाष मंडा को आनन-फानन में रिंची हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी।

### ऑफिस में घुस कर मारी गोली

जानकारी के मुताबिक, सुभाष मुंडा की दलादली चौक स्थित ऑफिस है। अपराधियों ने ऑफिस में घुस कर सुभाष मुंडा को गोली मारी आशंका जतायी जा रही है कि सुभाष मुंडा को जमीन विवाद को लेकर गोली मारी गयी है।




सुभाष मुंडा जमीन के कारोबार से भी जुड़े हुए थे।

### आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़

घटना के बाद दलादली चौक के पास रहने वाले लोग आक्रोशित हो गये और आसपास की दुकानों में तोड़फोड़ करने लगे। शराब की दुकान को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मामला शांत कराने का प्रयास किया, लोग मानने को तैयार नहीं थे। लोगों के गुस्से को देखते पांच थाना से अतिरिक्त पुलिस बल को दलादली चौक भेजा गया. देर रात तक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। रांची के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी दलादली पहुंचे। इनमें एसएसपी, हटिया के डीएसपी, ग्रामीण एसपी और एसपी सिटी शामिल हैं। आक्रोशित लोगों ने पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की।

### मांडर विधानसभा उपचुनाव में चुनाव लड़े थे सुभाष मंडा

सुभाष मुंडा जून 2022 में हुए मांडर विधानसभा उप चुनाव सीपीएम के टिकट पर चुनाव लड़े थे।

उन्हें 2797 वोट मिला था। इससे पहले भी सुभाष मुंडा मांडर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके थे।

# मरणासन्न कांग्रेस का मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हास्यास्पद: बाबूलाल मरांडी

- जनता ने उन्हें नकारा, नेता प्रतिपक्ष लायक भी नहीं छोड़ा
- विभाजनकारी तत्वों का षड्यंत्र अलग-अलग रूप में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रकट हो रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर कड़ा प्रहार किया। श्री मरांडी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की जनता ने पिछले लोकसभा चुनाव में लैंड स्लाइड विक्ट्री से अपना आशीर्वाद दिया है। देश की जनता बार बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री की रूप में देखना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी जिसे जनता ने नेता प्रतिपक्ष के लायक भी नहीं समझा वे आज देश के विकास, प्रगति को समर्पित लोकप्रिय सरकार के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं, जो पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि एक और मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित समाज के लिए समर्पित है तो दूसरी ओर परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबे आइएनडीए के लोग। किसी भी प्रकार से सत्ता प्राप्ति के लिए बेताब हैं।

उन्होंने लगा कि मोदी सरकार का विरोध करते करते कांग्रेस और उनके सहयोगी ठगबंधन के लोग राष्ट्र विरोधी शक्तियों से हाथ मिला चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता राम के अस्तित्व को नकारने वाले, देश के विभाजन को स्वीकार करने वाले, टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने वाले, सेना के पराक्रम पर प्रश्न खड़ा करने वाले, देश को 20 लाख करोड़ के घोटाले की सौगात देने वाले दलों को भली भांति समझ चुकी है। आज भारत की गौरवशाली परंपरा विश्व में महिमामंडित हो रही। दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने विश्व को अचंभित किया। सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास और सबके प्रयास से साकार हो रहा। ऐसे में विभाजनकारी तत्वों का षड्यंत्र अलग-अलग रूप में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रकट हो रहा है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग दंपति से छिनतई

- बाइक सवार अपराधियों ने एक बार फिर से छिनतई की घटना को दिया अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्यभर में इन दिनों छिनतई, लूटपाट और हत्याएं जैसी आपराधिक घटनाएं बढ़ने लगी हैं। पुलिस प्रशासन को चकमा देकर अपराधी दिन-दहाड़े हथियार लहरा कर लोगों को डरा-धमका कर लूटकांड और छिनतई जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कही राहगीरों को अपना निशाना बना रहे, तो कही फोन कर लोगों को धमकाने का काम कर रहे हैं। रांची में बाइक सवार अपराधियों ने एक बार फिर से छिनतई की घटना को अंजाम दिया।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर कसा तंज

इधर, इस मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर तंज कसा है। उन्होंने बुजुर्ग दपंति से चेन छिनतई का वीडियो भी शेयर करते हुए ट्वीट किया है। साथ ही लिखा है कि 'आज सुबह राजधानी रांची के ग्रीन गार्डेन सोसाइटी हेसाग में बुजुर्ग की चेन इस तरह छीनी गयी।

आपको बता दें अपराधियों ने सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग दंपति से चेन छिनतई के वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल यह मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हेसाग का है। जहां दिन के उजियारे में अपराधियों ने बुजुर्ग दंपति से चेन छीनी। इसका सीसीटीवी वीडियो सामने आया है जिसमें दोनों बुजुर्ग दंपति वॉक पर जाते हुए दिख रहे हैं। इसी बीच सामने से दो बाइक सवार आते हुए दिखते हैं जो उनके पीछे चले जाते हैं और उसके बाद बाइक खड़ी होती है जिसमें से एक अपराधी बाइक से उतरकर बुजुर्ग महिला के गले से चेन छीनकर बाइक से भाग जाते हैं। इस बीच दंपति उन बदमाशों के पीछे दौड़ते नजर आ रहे हैं लेकिन बाइक सवार वहां से फरार हो जाते हैं।

# महानगर भाजपा के कार्यकर्ता बाबूलाल मरांडी से मिले



बुधवार को बाबूलाल मरांडी को बधाई देते कुमार निकेश, पवन कुमार दुबे, राजेश सिन्हा, रवि सिंह, महावीर सिंह, सूरज साहू, विशाल साहू , गौतम देब, मनोज महतो, युवराज पासवान, दिलीप सिंह, अखिलेश्वर तिवारी, गोपाल प्रसाद, टुनटुन यादव, नीरज कुमार, राहुल सिंह, राजदीप किशोर, जितेंद्र सिंह, अमित सिंह, पिंटू सिंह, राजीव सिंह, रुपेश केसरी, काकोली दास ,सुजाता भगत, रेखा महतो, मीना सिंह और ललिता महतो।

# पेंशनधारकों को बैंक खाते के साथ आधार नंबर को लिंक कराना अनिवार्य

**रांची।** राज्य के जिन पेंशनधारकों ने बैंक खाते के साथ आधार नंबर लिंक नहीं किया है उनके लिए रांची जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी की है। शहर अंचल अधिकारी के मुताबिक सामाजिक सुरक्षा, रांची की ओर से पेंशन धारकों के संबंध में लेटर (पत्रांक 284, 26-5-23) जारी किया गया है। सभी वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन लाभुक का आधार संख्या और मोबाइल नंबर एनएस एपी-पोर्टल पर दर्ज किया जाना अनिवार्य है। इसके आलोक में बिना आधार के खाता में पेंशन पा रहे लाभुकों का आधार एवं मोबाइल संख्या दर्ज करने का काम शहर अंचल के अंतर्गत किया जा रहा है। ऐसे में सभी लाभुक अपनी पेंशन में आधार संख्या एवं मोबाइल संख्या दर्ज करायें। इसके लिए अंचल कार्यालय में आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल संख्या जमा करना सुनिश्चित करें। इससे एनएसएपी पोर्टल की प्रक्रिया की जा सकेगी। आवेदन प्राप्त नहीं होने पर लीगल एक्शन लिया जायेगा। जिला प्रशासन के मुताबिक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के लाभुक आधार संख्या और मोबाइल संख्या के साथ आवेदन करेंगे। इसके अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना के लाभुक भी हर हाल में आवेदन करेंगे।

# पासवा का प्रतिनिधिमंडल ने सरयू राय से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

- 28 जुलाई को काला बिल्ला लगाकर करेंगे विरोध

**रांची।** पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में बुधवार को वरिष्ठ विधायक सरयू राय से मुलाकात की। झारखंड के निजी विद्यालयों को वर्तमान समय में हो रही कठिनाइयों से और सरकार के द्वारा जारी पुनः मान्यता प्राप्ति के लिए एक बार फिर निजी विद्यालयों को परेशान करने के लिए दिये जाने वाले आवेदन के मसले को उनके सामने रखा। श्री दुबे ने बताया कि झारखंड के सभी निजी विद्यालय सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ आने वाले 28 जुलाई को सभी शिक्षक काला बिल्ला लगाकर विद्यालय का संचालन करेंगे ताकि सरकार तक उनकी आवाज पहुंचे। श्री राय से अपील की कि आने वाले मानसून सत्र में इस मसले को विधानसभा में उठायें और झारखंड के 40 हजार निजी विद्यालयों की मान्यता के प्रश्न पर हो रही परेशानियों पर संज्ञान लें। इसपर सरयू राय ने बहुत ध्यान से इस समस्या को सुना और पासवा के प्रतिनिधिमंडल को को आश्वस्त किया कि वह निश्चित रूप से इस मामले पर संज्ञान लेंगे। विधानसभा के मॉनसून सत्र में अवश्य उठायेंगे। निश्चित रूप से छोटे निजी विद्यालयों को परेशानी से मुक्त कराने का प्रयास करेंगे। आलोक कुमार दुबे ने उन्हें बताया सरकार के इस नीति के विरोध में संपूर्ण झारखंड के छोटे निजी विद्यालय काला बिल्ला लगाकर 28 जुलाई को अपना विरोध दर्ज करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केर-केट्टा, प्रदेश सचिव संजय प्रसाद, राशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, राहुल प्रसाद, फिरोज रिजवी मुन्ना, संजीत यादव, नीरु कुमारी, प्रतिमा राय, कुमुद रंजन, मेंहुल दुबे मुख्य रूप से मौजूद थे।

# अब शादी-विवाह में जैप-10 महिला बैंड पार्टी की होगी बुकिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हर राज्य की पुलिस का अपना एक बैंड होता है, जो सिर्फ खास मौकों पर बजाया जाता है लेकिन अब झारखंड पुलिस का बैंड किसी शादी या फिर अन्य कार्यक्रमों में बजता हुआ दिखायी देगा। क्योंकि, झारखंड के जैप-10 की महिला बैंड पार्टी कुछ ऐसा ही करने वाली है। वो अब शादी समारोह या किसी भी फंक्शन में बैंड बजाती दिखायी देने वाली है।

जैप-10 की ओर से जारी किये गये सर्कुलर के अनुसार पुलिस बैंड की बुकिंग के अलग-अलग रेट निर्धारित किये गये हैं। पूरी बैंड पार्टी के लिए 20 हजार रुपये जबकि आधी बैंड पार्टी के लिए 10 हजार रुपये देने होंगे। रांची के लिए बुकिंग करने पर 900 रुपये गाड़ी खर्च लिया जायेगा। अन्य जिलों के लिए 16 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से गाड़ी का खर्च चार्ज किया जायेगा।

रांची के होटवार स्थित जैप-10 के कमांडेंट ने एक सर्कुलर जारी कर इस बारे में सूचना दी है, जिसमें कहा गया है कि जैप-10 महिला वाहिनी में महिला बैंड पार्टी उपलब्ध है, जिसे शादी विवाह अन्य कार्यक्रमों के लिए भाड़े पर लेने के लिए समादेष्टा कार्यालय में संपर्क कर बुक करवा सकते हैं। सर्कुलर के अनुसार कोई भी सरकारी या निजी व्यक्ति पुलिस का बैंड बुक करवा सकता है। यह बुकिंग दो घंटे तक के लिए होगी। 10 बजे रात के बाद बैंड बुकिंग नहीं होगी।

## जर्मनी में चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा

# इंडियन टीम में झारखंड की महिमा, दीपिका और रोपनी हुईं शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह टीम 18 अगस्त से 23 अगस्त तक जर्मनी के डसेलडोर्फ में 4 देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी। बीस सदस्यीय टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी को भी शामिल किया गया है। तीनों ही खिलाड़ी झारखंड के सिमडेगा जिला से हैं। टूर्नामेंट में भारत इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेलेगा। यह प्रतियोगिता 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक सैंटियागो, चिली में खेले जाने वाले महत्वपूर्ण 2023 महिला एफआइएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिहाज से इंडियन टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। टीम का नेतृत्व डिफेंडर प्रीति करेंगी। उप कप्तानी का भार कुशल मिडफील्डर रुतुजा दादासो पर है। गोलकीपिंग विभाग का जिम्मा माधुरी किंडो और खुशबू की प्रतिभाशाली जोड़ी को मिला है। रक्षकों की सूची में प्रीति, रोपनी



कुमारी, अंजलि बरवा, नीलम और थौनाओजम निरुपमा देवी शामिल हैं। मिडफील्ड में रुतुजा दादासो पिसल, मंजू चोरसिया, साक्षी राणा, सुजाता कुजूर, भूमिक्षा साहू, ज्योति सिंह, महिमा टेटे और हिना बानो को रखा गया है। फॉरवर्ड विभाग में टीम के लिए अन्नू, दीपिका सोरेंग, सुनेलिता टोप्पो, काजल सदाशिव अतपदकर और मुमताज खान जैसे प्लेयर रोल अदा करेंगी।

### जूनियर महिला एशिया कप से तीनों ने खींचा था ध्यान

गौरतलब है कि 20 सदस्यीय टीम में शामिल झारखंड की तीनों खिलाड़ी सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों की हैं। दीपिका सोरेंग केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुड़ी गांव की रहने वाली है और वर्तमान में रांची रेलवे में कार्यरत हैं। महिमा टेटे सदर प्रखंड अंतर्गत बरकीछापर गांव की रहने वाली है। रोपनी कुमारी ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत तुकुपानी पंचायत के जामबहार गांव की रहने वाली है। तीनों ही खिलाड़ी जूनियर महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक विजेता जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य थीं। विगत कई वर्षों से ये सभी झारखंड सरकार खेल विभाग द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र में हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। तीनों खिलाड़ियों के जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में चयनित होने पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा सहित हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# पुराना विधानसभा सभागार में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पुराना विधानसभा सभागार में बुधवार को वेटरन ऑर्गनाइजेशन ऑफ झारखंड की ओर से कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा, गुमला, खूंटी, तोरपा, चाइबासा, इटकी और सिसई जिला से 20 वीर नारियों को बुलाकर शॉल एवं संगठन का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सेना के जेसीओ जवान जो उस वक्त कारगिल वार में शामिल थे। उन्हें नामकुम कैंप के रेजीमेंट से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 से 500 पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार उपस्थित थे। सम्मानित कार्यक्रम के उपरांत पराक्रम रैली विधानसभा परिसर से नागेश्वर महतो पेट्रोल पंप पहुंचकर कारगिल में शहीद हुए नागेश्वर महतो को फूल माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहां से रैली भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए वापस अपने स्थान पर आकर वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन भाषण करते हुए समाप्त किया गया।

# मोदी ने सांसद संजय सेठ के काम की सराहना की

**रांची के धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने दी बधाई कहा, रांची के लिए गौरव का पल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ द्वारा लगातार रांची लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील रहते हैं और सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी इनका बढ़-चढ़कर योगदान रहता है। इनके काम की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में सांसद संजय सेठ की प्रशंसा की जो रांची लोकसभा के लिए गौरव का पल है। रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने सांसद संजय सेठ को बधाई दी है। बधाई देने वालों में श्री महावीर मंडल रांची के संरक्षक चुनु मिश्रा, अध्यक्ष अशोक पुरोहित, डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा, काली पूजा समिति के राजू चौरसिया, शंभू गुप्ता, जितेंद्र सिंह, चैती दुर्गा पूजा के राकेश पाल, मनोज वर्मा, मुकेश गुप्ता, गणेश पूजा समिति के रोहित ठाकुर, श्रृंगार समिति के सुनील विजय, जगदंबा ट्रस्ट काली मंदिर के सचिव पवन पासवान सहित कई अन्य धार्मिक और सामाजिक संगठन के लोग मौजूद थे।

## फैशन फिएस्टा सीजन एक का आयोजन




**रांची(आजाद सिपाही)।** जेसीआइ रांची यूथ के द्वारा फैशन फिएस्टा सीजन 1 का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया है। मेला 26, 27 जुलाई दो दिनों तक चलेगा। मेला का उद्घाटन विधायक सीपी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जेसीआइ जो मंच दे रहा है, वह सराहनीय है। साथ ही उन्होंने स्टॉल धारकों का उत्साहवर्धन किया। मेले में जेसीआइ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष राखी जैन भी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रथम प्रयास सराहनीय है। मेले में रांची, रामगढ़, गुमला, दिल्ली, जयपुर, केरल, जमशेदपुर, कोलकाता आदि के स्टॉल लगाये गये है। मेले में बच्चे और महिलाओं ने गेम जोन का लुफ्त उठाया। मेले में राखी, बंदरवाल, तोरण, सुन, हाउस होल्ड के समान, केरल के मसाले, जयपुर की कुर्ती एवं ड्रेस मेटेरियल, चादर, ज्वैलरी, फुटवेयर, पापड़, आचार, आर्ट ऑफ लिविंग, कोशिश संस्था के बच्चों के द्वारा बनाए गए सामान का स्टॉल लगाए गए हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक कृष्णा यूनिफॉर्म, शाही डिनर बासमती राइस, मिस्टर पोट्रेट, क्यूबिड क्लोसेट हैं। संस्था की अध्यक्ष कुशा जालान ने कहा कि मेले का आयोजन चैरिटी के लिए किया गया है। मेले को सफल बनाने में संस्था की संस्थापक दीप्ति बजाज, पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बधानी, सचिव सोनल अग्रवाल, ऋचा जालान, उत्तम ओझा, योगेश सिंघानिया, सज्जन अग्रवाल, नितिन सिंह, केशव बजाज, विकाश अग्रवाल, सचिनअग्रवाल, बिजेंद्र प्रसाद, अमृता साबू आदि का सहयोग रहा।

## विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में कारगिल विजय दिवस मनाया गया



**रांची(आजाद सिपाही)।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात विद्यालय निदेशक संजय कुमार के द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए देशवीरों के तस्वीरों पर माल्यार्पण के साथ की गई।भाषण के माध्यम से उन्होंने बताया कि किस प्रकार कारगिल युद्ध लड़ी गयी थी और किस प्रकार भारतीय सैनिकों ने अपने जान की परवाह ना करते हुए देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों कि आहुति दी। कक्षा केजी एवम प्रथम वर्ग के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गानों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्या रेखा देवी ने के वीर सैनिकों को नमन करते हुए विद्यार्थियों को भी देश की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने को कहा। कक्षा दशम वर्ग के क्राइस्ट निश्चल टोप्पो ने अपने भाषण से सबको मोहित किया। परवीन भगत एंड ग्रुप ने कारगिल युद्ध पर लघु नाटक का मंचन करते हुए शहीद विक्रम बत्रा के जीवनी को दर्शाया। कक्षा छः से दशम तक के छात्र छात्राओं ने परेड के साथ वीर सैनिकों को सलामी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षकगण, अभिभावकगण, छात्र छात्राएं ने राष्ट्र गान गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय सचिव विकास गौरव, को ऑर्डिनेटर अंशु तिवारी, शिक्षक, शिक्षिकायें, संजोय पाठक, नितेश कुमार, विश्वजीत, अभिजीत, शकुंतला सिंह, निशा, पंमी आदर्श, आरती, अमीषा भारती, रेशमा बेगम, पूजा कुमारी, प्रीति इंदवार, साक्षी जायसवाल, निमीता पॉल, अविनाश सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

## खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति और आरक्षण बिल दोबारा लाने की तैयारी करे हेमंत सरकार: विजय शंकर नायक



**रांची (आजाद सिपाही)।** मानसून सत्र में सिर्फ खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति वाली डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने वाला बिल दोबारा लाने की तैयारी करें हेमंत सोरेन सरकार। बुधवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को (ईमेल पत्र) भेजकर उक्त बातें कही। कहा कि जो पिछले साल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सरकार ने दोनों बिल पारित किया था,लेकिन राज्यपाल ने एक सोची समझी साजिश के तहत मंजूरी नहीं दी थी। उन्होंने एक-एक कर दोनों विधायकों को संवैधानिक प्रावधानों, और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों खिलाफ बताते हुए लौटा दिया था जो झारखंडी समाज के हितों के विरुद्ध था। श्री नायक ने आगे कहा कि दोनों विधायकों को लेकर की गयी आपत्तियों पर हेमंत सरकार विधिक परामर्श ले और इसी को आधार बनाकर नये सिरे से दोनों विधेयक को मजबूती के साथ लाने की तैयारी करें ताकि झारखंडी हितों की रक्षा की जा सके।

**कक्षा 7वीं-12वीं के छात्रों को मिलेगा 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप व कैश अवार्ड का मौका**

# आकाश बायजूस ने लांच की परीक्षा एएनटीएचइ 2023

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** आकाश बायजूस ने परीक्षण तैयारी सेवाओं में सबसे बड़ी लोकप्रिय व बहुप्रतीक्षित परीक्षा एएनटीएचइ (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) 2023 के लिए 14वें संस्करण का अनावरण किया। बुधवार को साकची स्थित कार्यालय में 14वें संस्करण का विधिवत उद्घाटन किया गया। 100% तक छात्रवृत्ति व असाधारण नकद पुरस्कारों के साथ, प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका प्रदान करती है। एएनटीएचइ 2023 का लक्ष्य सफलता के लिए एक उल्लेखनीय प्रवेश द्वार बनना है। जो युवाओं को इंजीनियरिंग या चिकित्सा में उज्ज्वल भविष्य की उनकी आकांक्षाओं के लिए उड़ान भरने के लिए प्रेरित करता है। एएनटीएचइ छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता आकाश में नामांकन कर सकते हैं। साथ ही एनईईटी, जेईई, राज्य सीईटी, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह प्राप्त कर सकते हैं। एएनटीएचइ 2023 में छात्रों के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा। जिसका सारा खर्च आकाश की ओर से वहन किया जायेगा। बीते कुछ वर्षों में एएनटीएचइ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आकाश के कई छात्र नीट और जी जैसी परीक्षाओं में शीर्ष रैंकर के रूप में उभरे हैं। कौस्तव बाउरी, ध्रुव आडवाणी व सूर्या सिद्धार्थ एन सहित कई आकाश के छात्र है। जिन्होंने एएनटीएचइ के साथ आकाश में अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू की, एनईईटी (यूजी) 2023 में चैंपियन बने। इसी तरह, आदित्य नीरजे (एआईआर 27) और आकाश गुप्ता (एआईआर 28), जिन्होंने भी एएनटीएचइ के साथ अपनी यात्रा शुरू की। जेईई (एडवांस्ड) 2023 में सराहनीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद ने एएनटीएचइ 2023 पर कहा आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम इच्छाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटकर लाखों छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्प्रेरक रहा है। 2010 में एएनटीएचइ की शुरूआत के बाद से स्थानीय सीमाओं को पार करते हुए देश भर में योग्य छात्रों तक हमारे कोचिंग अवसरों का विस्तार करने का प्रयास किया है। छात्र एएनटीएचइ की बदौलत किसी भी स्थान से नीत और आईआईटी परीक्षाओं के लिए अध्ययन कर सकते हैं। हम एएनटीएचइ में महत्वपूर्ण भागीदारी की उम्मीद करते हैं। छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता में अटूट हैं।

# केंद्रीय विवि में कौशल विकास पर विशेष जोर

**आजाद सिपाही संवददाता**




रांची। नयी शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू करने वाला केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड राज्य का पहला यूनिवर्सिटी बन गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने प्रेस क्लब में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। श्री भूषण दास ने कहा कि केंद्र सरकार ने नयी शिक्षा नीति 29 जुलाई, 2020 को देशभर में लागू की थी। इसका उद्देश्य 21वीं सदी की ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक की संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था में समग्र परिवर्तन लाना है। नयी शिक्षा नीति में भारतीय मूल्यों के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता, विचार एवं कौशल विकास पर विशेष बल दिया जाना है। प्रो दास के मुताबिक सेंट्रल यूनिवर्सिटी आरंभ से ही शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहा है। नयी शिक्षा नीति के अनुरूप सभी विभागों में पाठ्यक्रम, मूल्यांकन विधि और पढ़ाई के तरीकों में ध्यानपूर्वक संशोधन किये गये हैं। पाठ्यक्रमों को बहुविषयक और लचीला बनाया गया है। साथ ही पाठ्यक्रमों में व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों पर अधिक बल दिया गया है। नयी शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू करने को आंतरिक गुणवत्ता सेल ने पिछले दो सालों के दौरान यूनिवर्सिटी में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विषय गोष्ठियों और वेबिनार का आयोजन किया। इसके जरिये शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीक से परिचित कराया गया। इससे यूनिवर्सिटी में शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर हुई है। इस मौके पर प्रोफेसर विमल किशोर, रजिस्ट्रार प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रोफेसर आरके डे, प्रोफेसर एके पाढी, प्रोफेसर देवव्रत, प्रोफेसर जीपी सिंह, कुलसचिव अब्दुल हलीम, पीआरओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# रांची जिला इंटर स्कूल कैरम टूर्नामेंट में जेवीएम, फिरायालाल और बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल विजयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में जिला कैरम एसोसिएशन और कैरम एकेडेमी रांची के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय कैरम प्रतियोगिता में अंडर 18 बालक वर्ग में जेवीएम श्यामली के समीप कुमार और बालिका वर्ग में फिरायालाल पब्लिक स्कूल की अंशिका शर्मा जबकि अंडर 14 बालक वर्ग में जेवीएम श्यामली के आयुष कुमार और बालिका वर्ग में विशप वेस्टकॉट की कैथरीन टोप्पो विजेता रहीं।

चैंपियनशिप कमिटी की अध्यक्ष, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ नीता पांडेय तथा जिला कैरम एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार डे ने प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 और अंडर 18 बालक व बालिका वर्ग में जिले के 8 विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्या सह चैंपियनशिप कमिटी की अध्यक्ष डॉ नीता पांडेय ने कहा कि आउटडोर गेम्स से जहां बच्चों की शारीरिक क्षमता का विकास होता है, वहीं कैरम, चेस जैसे इनडोर गेम्स से उनका मानसिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उन्होंने जिला कैरम एसोसिएशन और कैरम एकेडमी की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के खेल प्रशिक्षक निरंजन शर्मा, देवेंदु सिन्हा, शशांक सिंह एवं आकृति कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रमों का आयोजन एक्टिविट कॉर्डिनेटर आशा राज ने की।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर 28 जुलाई को होगा विरोध प्रदर्शन: राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

**रांची।** राज्य के 7 जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य किये जाने, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, सदस्य नियुक्त करने, जातीय जनगणना कराने के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा 28 जुलाई को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नया विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी सेवा की वैकेंसी निकाली जा रही है उसमें ओबीसी के वाजिब हक भी नहीं मिल रहा है। इसे न सता पक्ष ना विपक्ष कोई नहीं देख रहा है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जायसवाल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, महासचिव प्रभात शर्मा, अजय मेहता, ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना कारगिल दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। छात्रों ने युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने युद्ध के मोर्चे पर ऑपरेशन विजय के बहादुर सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए उनकी याद में देशभक्ति कविताएं पढ़ीं तथा देशभक्ति से संबंधित स्लोगन लिख कर राष्ट्र और राष्ट्र के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने ऐसी सभाओं के संचालन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को इन बहादुर नायकों के नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें सिद्धांतों और मूल्यों के साथ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया।

# प्लैटिनम बजाज कांके में मॉनसून धमाका



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्लैटिनम बजाज कांके में मॉनसून धमाका ऑफर के तहत पल्सर में 2000 की छूट, 3000 एक्सचेंज बोनस साथ ही 5 फ्री सर्विस दी जा रही है। मानसून सर्विस कैंपेन के तहत स्पेयर पार्ट्स में 5%, लेबर चार्ज में 20% साथ ही वार्षिक मेंटनेंस सर्विस कार्ड खरीदने पर 40% तक की छूट दी जा रही है। 5 किलोमीटर तक में फ्री होम सर्विस दी जा रही है। इन सब सुविधाओं एवं ऑफर का लाभ लेने के लिए आज ही प्लैटिनम बजाज से संपर्क कर सकते हैं, जो कांके रोड, हॉटलीप्स के बगल में है। मोबाइल नंबर 9334240429, 8102851212 पर संपर्क भी कर सकते हैं।

# तेली समाज ने किया भाजपा का पुतला दहन




**रांची(आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार गुमला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने कहा था कि तेली समाज के नेतागण अवसरवादी, नकाबपोश और छुटभैये जैसे हैं। 26 जुलाई को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची के नेतृत्व में तेली समाज के सैकड़ों लोगों ने रांची जिला स्कूल शहीद चौक होते हुए मेन रोड तक आक्रोश विरोध पैदल मार्च करते हुए फिरायालाल चौक पर भाजपा का पुतला दहन। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रांची ग्रामीण जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने किया। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू उपस्थित रहे। हरिनाथ साहू ने कहा कि हमारा तेली समाज भाजपा को 99% वोट देता है और भाजपा भागीदारी देने के बजाय समाज को अपमानित करने का दुःसाहस कर रही है। रांची ग्रामीण के जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने कहा कि भाजपा अब भी माफी नहीं मांगती है तो निकट भविष्य में तेली समाज भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेगा। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकर्ता शामिल रहे।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 25.07.2023

निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 10

विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 31.07.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 31.07.2023 (सोमवार) से स्थगित कर के 15.09.2023 (शुक्रवार) कर दी गई है।

भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
ईमेल–drsm@rb.railnet.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव
2312/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय,**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email ID -awc24.monitoring@gmail.com

**(निविदा सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में रामगढ़ जिला अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति अधिकतम मूल्य रू0–200.00 (दो सौ रूपये) सभी कर सहित दर पर करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 10.08.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.303324 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D



**कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**
EmailID :- cs.koderma4@gmail.com

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2021, 11/2022 एवं 12/2022 को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1617 दिनांक 17.03.2023 के आलोक में निरस्त की जाती है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR 303344 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

# लोकतंत्र पर हमला

इस्राइली संसद ने सोमवार को वह 'रीजनेबलनेस' बिल पास कर दिया, जिसे कथित न्यायिक सुधार का पहला चरण बताया जा रहा है। यह बिल नेतन्याहू सरकार की जुडिशरी को कमजोर करने की विस्तृत योजना का हिस्सा है और इसके खिलाफ वहां पिछले करीब छह महीने से व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। संसद में बिल पास किए जाते समय विपक्ष मौजूद नहीं था, इसीलिए 64-0 से पास हो गया। लेकिन संसद के बाहर सड़कों पर उस समय भी हजारों लोग प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि नेतन्याहू सरकार इस बिल को जुडिशरी पर हमला नहीं मानती। उसके मुताबिक, यह देश के अंदर सत्ता समीकरण को फिर से संतुलित करने की कोशिश है। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि पावर इक्वेशन को रीबैलेंस करने के नाम पर सरकार ने जुडिशरी के अधिकार कम किए हैं। इस बिल के कानून बनने के बाद न्यायपालिका को सरकार के फैसलों की समीक्षा करके उन्हें अवैध घोषित करने का अधिकार नहीं रह जाएगा। जाहिर तौर पर यह एक निर्वाचित सरकार द्वारा देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का ऐसा मामला है, जिसे दुनिया के तमाम लोकतांत्रिक देशों और समाजों के लिए चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए। किसी जमाने में वामपंथी विचारधारा को लोकतंत्र के लिए एक खतरे के रूप में देखा जाता था। लेकिन आज दुनिया के कई देशों में दक्षिणपंथ की तेजी से उभरती प्रवृत्तियां लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा बनती दिख रही हैं। ऐसे में इसे हलके में नहीं लिया जा सकता। यही वजह है कि इस्राइल के सबसे करीबी देशों में गिने जाने वाले अमेरिका ने भी उसे ऐसे विधेयकों पर जल्दबाजी न करने और आम सहमति बनाने का सुझाव दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, नेतन्याहू को भेजे संदेश में यहां तक कह चुके हैं कि इन बिलों को पारित करने पर जोर देकर उनकी सरकार दोनों देशों के रिश्ते को दांव पर लगा रही है। लेकिन खुद भी भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेतन्याहू ने सभी सुझावों को दरकिनार करते हुए जुडिशरी के पर कतरने का अपना एजेंडा लागू करना शुरू कर दिया है। ऐसे में अब पहले तो यह देखना होगा कि इस्राइल में इसके किस तरह के नतीजे सामने आते हैं। इसे जहां सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही जा रही है वहीं इसके खिलाफ व्यापक हड़ताल की भी चेतावनी दी जा रही है। नेतन्याहू सरकार इन चुनौतियों से कैसे निपटती है और वहां घटनाक्रम क्या मोड़ लेता है यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है दुनिया भर की लोकतांत्रिक शक्तियां इसे अपने लिए एक चुनौती के रूप में लें। हालांकि यह ऐसी लड़ाई है, जिसे हर लोकतांत्रिक समाज को अपने स्तर पर और खुद लड़ना होगा। लेकिन अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की भी इतनी जिम्मेदारी जरूर बनती है कि ऐसे मामलों में वह अपने नैतिक समर्थन का विवेकपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करे।

**इस्राइली संसद ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम करने वाले विवादास्पद कानून को मंजूरी दे दी। यह कानून सुप्रीम कोर्ट को सरकारी फैसले को पलटने की शक्तियों पर अंकुश लगाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है।**

# संसद हो या विधानसभाएं, हर जगह हो रहा हंगामा संसदीय लोकतंत्र पर सवाल खड़े कर रहा है



**ललित गर्ग**

भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है?

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अमर्यादित आचरण के आरोप में पूरे सत्र के लिए, तो राजस्थान में भी तीन दिन पहले तक मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा और विपक्षी दल भाजपा के विधायक मदन दिलावर को शेष सत्र के लिए निलम्बित कर दिया गया। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं।

**यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं।**



**संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं।**

यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं। यह चर्चा न हो पाने के लिए जिम्मेदार है क्षुद्र राजनीति और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की प्रवृत्ति। संसद के तीन दिन बर्बाद हो गए, लेकिन मणिपुर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्ष गृहमंत्री से पहले प्रधानमंत्री का वक्तव्य चाहता है। यह जिद चर्चा से बचने का बहाना ही अधिक जान पड़ती है, क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर पहले ही बोल चुके हैं और दूसरे, सत्तापक्ष की ओर से यह नहीं कहा गया कि वह आगे इस विषय पर कुछ नहीं कहने वाले। लेकिन विपक्ष ने ठान लिया है कि वही होना चाहिए, जो उसकी ओर से कहा जा रहा है। जबकि सत्तापक्ष की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि मणिपुर सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर यदि चर्चा के लिए समय कम पड़ा और उसे बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो यह काम किया जा सकता है, इससे यही प्रतीत होता है कि विपक्ष संसद में ऐसा माहौल बना देना चाहता है कि आम जनता को लगे कि सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से बच रही है। शायद इसीलिए विपक्षी नेता संसद परिसर में प्रदर्शन करने और दोनों सदनों में नारेबाजी को अतिरिक्त प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां मध्य प्रदेश और राजस्थान की विधानसभाओं में देखने को मिल रही हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों में चार माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में तो विधानसभा के आखिरी सत्र में पांच बैठकें होनी थीं लेकिन शोर-शराबे के हालात ऐसे रहे कि दो बैठकों के बाद ही मानसून सत्र समाप्त कर दिया गया। ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या यह सबसे बड़े लोकतंत्र की निशानी है? राजनीतिक दल और राजनेता यह अच्छी तरह से जानते हैं कि देश की संसद और विधानसभाएं राजनीति करने का मंच नहीं हैं। कानून बनाने, विकास की योजनाओं को लागू करने और उनको मजबूती देने के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान निकालने के लिए बने लोकतंत्र के ये पवित्र मंदिर हैं। सत्तारुढ़ दल और विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में रहते हैं और इसी में सदनों का कीमती समय एवं जनता की गाढ़ी कमाई के अरबों रुपए हर साल खर्च एवं बर्बाद हो जाता है। जनता के पैसे से ही विधायक-सांसदों के वेतन-भत्ते और सुविधाएं उठाने वाले जनप्रतिनिधि उसी जनता की आवाज सदन में नहीं उठाएं तो क्या यह जनता के साथ धोखा नहीं?

कितना दुखद प्रतीत होता है जब कई-कई दिन संसद में ढंग से काम नहीं हो पाता है। विवादों का ऐसा सिलसिला खड़ा कर दिया जाता है कि संसद में सारी शालीनता एवं मर्यादा को ताक पर रख दिया जाता है। विवाद तो संसद में भी होते हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर बार-बार आते हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आती हैं। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि वह चलती भी है, चर्चा होती है तो भी लगता नहीं कि वह स्तरीय और देश को आश्वस्त करने वाली होगी, क्योंकि सभी राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकने के फेर में दिख रहे हैं। फिर विधानसभा चुनाव एवं आम चुनाव सामने होने की वजह से सभी कोई एक-दूसरे पर दोषारोपण कर जनता को गुमराह करना चाहते हैं। लेकिन राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने में चाहे जितनी ऊर्जा खपाएं, वे देश को निराश करने का ही काम कर रहे हैं।

विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी- कैसे संसदीय गरिमा कायम हो सकेगी? इसका सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता रहेगा। कायदे से इस अप्रिय स्थिति से बचा जाना चाहिए। संसदीय लोकतंत्र की अपनी मयार्दाएं हैं, वह पक्ष-विपक्ष की शर्तों से नहीं, आपसी समझबूझ, मूल्यों एवं आपसी सहमति की राजनीति से चलता है। राजनीति की रफ्तार तेज है, लेकिन कहीं ठहरकर सोचना भी चाहिए कि लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में थोड़ा सा समय विरोध-प्रतिरोध के लिए हो और ज्यादा से ज्यादा समय देश एवं प्रांतों के तेज विकास एवं देश निर्माण की चचाओं एवं योजनाओं में लगें।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सीआरएम में सार्वजनिक मिलित ट्रॉली पॉइंट का शुभारंभ

# सीआरएम जेडीसी में कल्याणकारी गतिविधियां मजदूर हित में : संजीव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा के शहर लौहनगरी में टाटा स्टील के प्रयास से कल्याणकारी गतिविधियां मजदूर हित में हो रही है। बुधवार को टाटा स्टील के पहल पर सीआरएम में सार्वजनिक मिलित ट्रॉली पॉइंट कैंटीन का शुभारंभ सीआरएम जेडीसी की टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वीपी एचआरएम अत्रया सान्याल, वीपी एस.एस प्रोबाल घोष,यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, महामंत्री सतीश सिंह, सह संयोजक शीलेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया।ट्राली पॉइंट कैंटीन में सीआरएम के कार्यरत सभी स्थाई कर्मचारी व वेंडर पार्टनर के कर्मचारी को बेहतर सुविधा उपलब्ध की जायेगी। कैंटीन में 150 से ज्यादा बैठने की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर सभी अतिथियों के द्वारा पर्यावरण के हित में कैंटीन के समीप पौधारोपण किया गया। मौके पर चीफ सीआरएम अजय झा, इंजीनियरिंग सर्विस के चीफ श्री त्रिपाठी, हेड कैसी झा, अनुराग, संतोष वैद्य ,जतिंदर कुमार,आज्ञा देव, साईं कुमार, हेड एचआरएम संजय कुमार, चीफ एचआरएम मुकेश अग्रवाल, कैंटीन डिपार्टमेंट से स्नेहा कुमारी, रूपा कुमारी, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी में शत्रुघ्न राय, शाहनवाज आलम, अजय चौधरी, हरिशंकर सिंह, विभागीय पदाधिकारी में नितेश राज, अशोक गुप्ता, सरोज पांडे, संदीप बेहेरा, दिनेश्वर कुमार, सूरज कुमार, गुलाब यादव सहित काफी संख्या में सीआरएम कर्मचारियों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीआरएम जेडीसी वाइस चेयरमैन अश्विनी मथान व धन्यवाद ज्ञापन सीआरएम एचआर के साथ जेडीसी सचिव श्रेया के द्वारा किया गया।

# नगर निगम क्षेत्र में पानी की समस्या पर सुधार लाने का आग्रह



**आदित्यपुर।** नगर निगम क्षेत्र में पानी के पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है। बीते 4 दिनों के बाद बुधवार को मरम्मत किया गया। मरम्मत के बाद पानी सप्लाई होने की संभावना जताई जा रही है। वैसे आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र की लगभग दो लाख की आबादी है। जहां पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं। पानी के किल्लतो को पूरा करने के लिए प्राइवेट पानी टैंकर मंगाकर जरूरतों को पूरा की जा रही है। वहीं प्राइवेट टैंकर मुंह मांगा दर मांग कर बस्ती वासियों के पॉकेट खाली कर रहे हैं। बताया जा रहा है आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में बहुत से ऐसे जगह है जहां पुराना पाइप लाइन बिछा है। अक्सर जंग लगकर फट जाती है। बीच-बीच में जांच करके पुराने और जंग लगे पाइपलाइन को बदलने की प्रक्रिया करने की जरूरत है। अगर समय पर ध्यान आकर्षित नहीं किया गया तो इस तरह के समस्या उत्पन्न होते रहेगी। पानी की किल्लत से बस्ती वासी जुझते ही रहेंगे।

### सैनिक सम्मान यात्रा में सड़कों पर दिखा देशभक्ति का ज्वार

# हजारों की संख्या में शामिल हुए राष्ट्रभक्त कारगिल वीर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि





**वंदेमातरम और वीर शहीद अमर रहे के जयघोष के साथ वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान के प्रतीक सैनिक सम्मान यात्रा में पूरा शहर उमड़ पड़ी।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के मानगो गांधी मैदान में नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल सारंगी के नेतृत में कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा व सैनिक सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। बुधवार को गांधी मैदान में कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़गी ने पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र, शहीद सैनिकों के परिजनों के जगमाया देवी, दिनेश हांसदा, पी पद्मजा, शिवानी सोरेन व अन्य को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उसके बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सैनिक सम्मान यात्रा की शुरूआत की गई। मौके पर गांधी मैदान में हजारों हजार की संख्या में राष्ट्रभक्त एकत्रित हुए। हाथों में तिरंगा, जुबां पर भारत माता की जय, वंदेमातरम और वीर शहीद अमर रहे के जयघोष के साथ वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान के प्रतीक सैनिक सम्मान यात्रा में पूरा शहर उमड़ पड़ी। संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के नेतृत में मानगो के गांधी मैदान से प्रारंभ हुई यात्रा में हजारों लोगों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ भाग लिया। इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति नारों के उद्घोष के साथ गूंज उठा। सैनिक सम्मान यात्रा में हर कोई देशभक्ति की भावना से लबरेज था। सभी लोग भारत माता के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में भारत माता एवं अमर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की सजीव मनमोहक झांकी आकर्षक का केंद रहा। देशभक्ति गीतों पर झूमते युवाओं का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। यात्रा में युवा, महिलाएं, पूर्व सैनिक समेत विभिन्न सामाजिक संगठन व अन्य क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए। यात्रा में ए मेरे वतन के लोगों... जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां करतीं हैं बसेरा... यह देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का.. तेरी मिट्टी में.....जैसे गीतों पर राष्ट्रनायकों के शौर्य का गान होता रहा। यात्रा शहर के जिस चौराहे से गुजरी वहां शामिल देशभक्तों का लोगों ने दिल खोलकर स्वागत किया। कई सामाजिक संगठनों ने सैनिक सम्मान यात्रा के ऊपर पुष्पवर्षा की। तो कई सामाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर सेवा प्रदान की। गोलमुरी स्थित शहीद स्थल पर माल्यार्पण एवं नमन के पश्चात यात्रा का विधिवत समापन किया गया। मौके पर सीजीपीसी के भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह के द्वारा कुणाल षाड़ंगी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। पूर्व विधायक ने कहा भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर के कारगिल में पाकिस्तानी सेना को हराया था। युद्ध में वीर जवानों ने अपने खून का आखिरी कतरा देश की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिया। यह विजय दिवस वीर सैनिकों के अद्भुत साहस और समर्पण का स्मरण कराता है। सैनिक सम्मान यात्रा में लौहनगरी के युवा साथीगण, प्रबुद्ध नागरिकों ने सड़कों को तिरंगामय करने का कार्य किया। सैनिकों के सम्मान में निकाले यात्रा का उद्देश्य युवा वर्ग में शहीदों, वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। मौके पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, रीता मिश्रा, दिनेश कुमार, पूर्व सैनिक सुशील कुमार, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, बिमल बैठा, धनुर्धर त्रिपाठी, शंकर रेड्डी, संजीव आचार्य, समरेश सिंह, अमरजीत सिंह राजा, प्रेम झा, चिंटू सिंह, संदीप शर्मा बौबी, राजेश सिंह, अमरेंद्र पासवान, अजय सिंह, राहुल तिवारी, सुदीप्तो डे राणा, धवल सेठ, अक्षय कोरा, शैलेश गुप्ता, हरि सिंह राजपूत, मोन्टी अग्रवाल, सतप्रीत सिंह, अभिमन्यु सिंह, देवांशु शेखर, रविशंकर तिवारी, अभिषेक पांडेय, श्रीकांत सिंह, संतोष सिंह, अनूप तिवारी, रौनक सिसोदिया, मुकेश गुप्ता, सौरभ राहुल सिंह, प्रियांशु सिंह, सुमित कुमार, बिजय सोय, राज मिश्रा, फातिमा शाहीन, अनमोल वर्मा, अशोक सामंत, संजय संजू शर्मा, अमित सिंह, विकास शर्मा, कुमारेश उपाध्याय, अरविंदर कौर, पुरेन्दू पात्रा, निधि केडिया, इंदर सिंह, रितिका श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश रजक, रंजीत सिंह, सुखदेव सिंह, मोहित शुक्ला, बिनोद गुप्ता सहित सैकड़ो युवा शामिल रहे।

# जमशेदपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 3 घंटे में गोली चलने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा




**आजाद सिपाही संवाददता**

**दो देशी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस, पांच खोखा,दो पिलेट समेत अन्य हथियारों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार।**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसएसपी प्रभात कुमार के पहल पर जमशेदपुर पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। बुधवार को पुलिस ने दो देशी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस,पांच खोखा, दो फायर किया हुआ पिलेट समेत अन्य हथियारों के साथ एक आरोपी को घटना के बाद तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी टोनी सिंह मानगो के उलीडीह लाल बिल्डिंग के पास के रहने वाले है। आरोपी ने मानगो जवाहरनगर नूरी मसजिद के पास मुर्सरत परवीन के घर में गोली चलाया था। घटना 26 जुलाई की है। एसएससी प्रभात कुमार ने बताया इस घटना में टोनी सिंह के साथ उसके सहयोगी भी शामिल था। जिसे बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएससी ने बताया टोनी सिंह पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली एक युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में फायरिंग की गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी के विजय शंकर,मानगो थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। उन्होंने बताया बीते कई दिनों से रात्रि पेट्रोलिंग सभी क्षेत्र में की जा रही है। जिसका लाभ पुलिस को मिल रही है। उन्होंने बताया या अभियान आगे भी जारी रहेगा। बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार के साथ सिटी एसपी के विजय शंकर, मानगो थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की रुटीन बैठक में शामिल हुए महामंत्री, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों यूनियन कार्यालय में रूटीन बैठक की। बुधवार को बैठक में महामंत्री आर के सिंह रोजमर्रा के समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महामंत्री आर के सिंह ने बताया टेल्को कॉलोनी से विमेंस कॉलेज व ग्रैजुएट कॉलेज के लिए पहले बसे चलती थी। इसमें कर्मचारी के बच्चियां को कॉलेज आने जाने में सोहलियत मिलती थी। कोरोना5 महामारी के दौरान यातायात बंद हो गयी थी। उसे पुनः बहाल कर दिया गया। जिन कर्मचारियों को अपनी बच्चियों को कॉलेज भेजना हो वो यूनियन के कमिटी मेंबर व टाटा मोटर्स के एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क कर अपना पास बना सकते है। श्री सिंह ने बताया प्रगति स्कीम के तहत एक बार पुनः द्वितीय बैच के तौर पर स्थाई व अस्थाई कर्मचारी डिप्लोमा की पढ़ाई कर सकेंगे। बहुत जल्द इसकी सूचना आने वाली है। उन्होंने कहा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष, महामंत्री व यूनियन की सेफ़्टी कमिटी विभिन्न डिवीजन का दौरा करेंगे। सुरक्षा समस्याओं को चिन्हित कर वरीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर हल निकालने का प्रयास करेंगे। मौके पर उन्होंने कमिटी मीटिंग करने की बात कही। बैठक में यूनियन के सभी पदाधिकारी शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आदिवासी महासभा और झामुमो ने मणिपुर हिंसा के खिलाफ निकाला विरोध मार्च



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा एवं झामुमो के तत्वावधान में बुधवार को मणिपुर में महिलाओं के साथ अनाचार एवं हिंसा के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला। यह रैली भंडरिया इंदिरा गांधी चौक से भंडरिया रेंज ऑफिस होते हुए इंदिरा गांधी चौक पर सभा में तब्दील होकर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। तत्पश्चात कुकी समुदाय को न्याय दो, देश में नफरत फैलाना बंद करो के नारे लगा रहे थे। रैली में शामिल लोग मणिपुर हिंसा के विरुद्ध केंद्र एवं मणिपुर राज्य सरकार के प्रति आक्रोश प्रकट करने के लिये हाथ में तख्ती लेकर चल रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में महिलाओ को नग्न कर घूमाने वाले कौन हैं उनकी पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाये। विरोध मार्च में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी मिंज, केंद्रीय सदस्य सुनील किसपोटा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष छोटू संजय, छोटन टोप्पो, केश्वर केरकेट्टा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, सुशीला केरकेट्टा, लाजरूस तिर्की, सुनीत मिंज, बना मिंज, बिसून लकड़ा सहति सैकड़ों लोग शामिल थे।

### कारगिल विजय दिवस पर वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने किया पौधरोपण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन फरठिया के एनएसएस इकाई के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर फरठिया गांव में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वही फरठिया पंचायत के मुखिया शहंशाह आलम एवं पूर्व मुखिया के द्वारा स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्य के प्रति जागरूक किया गया । मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य सुनीता गुप्ता ,एन एन एस समन्वयक पदाधिकारी शशीकांत सिंह यादव, उप प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ,प्रधानाध्यापक डॉ आशुतोष मिश्रा ,आनंद कुमार चौबे ,अभिमन्यु शुक्ला, अशोक कुमार यादव, जनार्दन शुक्ला, जय शंकर पटेल, सुधीर कुमार दुबे ,डीएनसी सहित सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### शिव पहाड़ी गुफा समिति सदस्य ने बिजली व्यवस्था के लिए मांग पत्र सौंपा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शिव पहाड़ी गुफा समिति सदस्य ब्रजेश कुमार गुप्ता ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गढ़वा टू नगर उंटारी के कार्यपालक अभियंता को शिव पहाड़ी गुफा परिसर में बिजली व्यवस्था करने का मांग पत्र सौंपा। बता दें कि रहस्यमई शिव पहाड़ी गुफा में बीते सौ से भी अधिक वर्षो से महाशिवरात्रि के दिन मेला लगता आ रहा है। वहीं शिव पहाड़ी गुफा को देखने एवं महादेव के दर्शन को लेकर हजारों शिवभक्त भवनाथपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के अलावे बिहार, यूपी एवं छतीसगढ से भी आते हैं। पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं शिव पहाड़ी गुफा में जाने समय शिव भक्तों को अंधेरा का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए लोगों को अपने पास टॉर्च या प्रकाश का अन्य उपकरण लेकर जाना पड़ता है। उक्त समस्या को दूर करने को लेकर शिव पहाड़ी समिति सदस्यों ने बिजली विभाग के एसडीओ से मिल शिव पहाड़ी परिसर में बिजली व्यवस्था करने की मांग की। इस मौके पर जयप्रकाश कुमार, रमेश साह, शशि कुमार, अंगेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पति को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने बुधवार को एक नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव निवासी मुकेश कुमार चौधरी की नवविवाहिता पत्नी के जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या मामले में मृतक के भाई द्वारा पति मुकेश कुमार चौधरी (20), पिता राजेश्वर चौधरी सहित पांच लोगों के खिलाफ प्रताड़ना तथा आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया गया था।

## कार्यक्रम : भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ ने कारगिल विजय दिवस मनाया

# कारगिल युद्ध में जवानों ने पाक को मुंहतोड़ जबाब दिया : जवाहर पासवान

**कारगिल युद्ध के शहीद जवान सदैव पूजनीय रहेंगे : पूर्व कैप्टन रामराज पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी की अध्यक्षता में कारगिल विजय दिवस भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहें, आदि अनेकों नारे लगाए गए।

कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान जवानों ने पाक को मुंह तोड़ जवाब दिया। उस समय देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जवानों को खुली छूट दे रखी थी। जिसके परिणाम स्वरूप कारगिल युद्ध में भारत को 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त हुआ।

मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैप्टन रामराज पांडेय ने कहा कि कारगिल युद्ध के शहीद जवान सदैव पूजनीय रहेंगे। देश के वीर सपूतों ने मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। कारगिल युद्ध के दौरान जवानों ने बहुत ही कठिनाई का सामना करते हुए देश की रक्षा की थी। कारगिल युद्ध के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने जवानों को खुली छूट दे रखी थी। इसका परिणाम हुआ कि भारतीय सैनिकों को सफलता मिली। कारगिल युद्ध की शुरुआत 3 मई 1999 को हुई थी एवं 26 जुलाई 1999 को भारत को सफलता मिली।

भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने भारत से गद्दारी करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज भी पूर्व सैनिकों में इतनी क्षमता है कि अगर भारत सरकार आदेश दे तो पाकिस्तान नक्शा से गायब हो जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जिला महामंत्री संतोष दूबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, अभिमन्यु चौबे, विकास तिवारी, नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, बिपिन तिवारी, सुधीर कुशवाहा, अरविंद प्रजापति, अखिलेश तिवारी, ओमप्रकाश पाठक, जितेन्द्र दीक्षित, कृष्णा विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पासवान, राम उनय तिवारी, राजकुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## जिला जल सहिया संघर्ष समिति ने पेयजल विभाग कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



**धरना के बाद राज्यपाल के नाम पांच सूत्री मांग पत्र कार्यपालक अभियंता को सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला जल सहिया संघर्ष समिति के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व जिले भर से जुटे जल सहिया काली मंदिर मैदान से पीएचइडी कार्यालय तक नारा लगाते पहुंचे। आक्रोशित जलसहिया ने हेमंत सरकार की नीतियों के विरोध में नारे लगाए। धरना-प्रदर्शन के मुख्य अतिथि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी भाजपा नेता सह जल सहिया संघ के संरक्षक सूरज गुप्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में सूरज गुप्ता ने कहा कि चंद रुपए प्रोत्साहन राशि की बदौलत हेमंत सरकार जल सहिया से काम कराकर उनकी हकमारी कर रही है। अध्यक्षता कर रही मालती देवी एवं संचालन कर रही रेखा देवी ने कहा कि यहां का आंदोलन अब हम लोग रांची ले जाएंगे और सरकार से दो-दो हाथ करेंगे। धरना के अंत में राज्यपाल के नाम पांच सूत्री मांग पत्र कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह को सौंपा। धरना प्रदर्शन में शामिल जल सहियाओं में संयुक्ता देवी, सुनीता देवी, प्रतिमा देवी, प्रमिला देवी, सरिता देवी, सीमा देवी, संजू देवी, मधु देवी, कंचन देवी, स्नेह लता देवी, अमरावती देवी, पूनम देवी, प्रियंका देवी, चंपा देवी, नीलम देवी, लक्ष्मी देवी, राजपूती देवी सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## सुखलदरी जलप्रपात को पर्यटक स्थल के रूप में मान्यता मिलने से लोगों में हर्ष

**भाजपा नेता रामचंद्र केशरी ने उक्त स्थल के विकास के लिए 12 प्रस्ताव सरकार के पर्यटन मंत्री को सौंपा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** जिले के धुरकी प्रखंड में सुखल दरी जल प्रपात को राज्यस्तरीय महत्व का पर्यटक स्थल प्रक्षेत्र के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। पर्यटन मंत्री हफीज उल हसन द्वारा उपायुक्त से उक्त स्थल के विकास के लिये कार्य शुरू कराने तथा राज्यस्तर का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने के लिये कहा है। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्थल विकास के लिये 12 प्रस्ताव सरकार के पर्यटन मंत्री को दिया गया है, जिसमें परासपानी पानी टंकी से सुखल दरी गेस्ट हाउस तक दो लेन का पक्की सड़क निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा दो करोड़ उनचास लाख से ऊपर की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्य की स्वीकृति के बाद स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। इसके लिये उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि सीढ़ी के बगल में नदी तक जानेवाले रास्ता की स्वीकृति मिलने वाली है। इन दोनों कार्यों के लिये कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास धर्मेन्द्र कुमार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व से बना गेस्ट हाउस का पुनः जीर्णोद्धार कराने तथा रखरखाव के लिये दो लोगों को नियुक्त करने, परासपानी गांव बैगा टोला मोड़ से गेस्ट हाउस तक गाड़ी पार्किंग के लिये 10 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराकर मैदान निर्माण कराने, सुखल दरी कनहर झरना स्थल से मंदिर तक जाने के लिये पूर्व से बनी सीढ़ी का चौड़ीकरण कराने, कम से कम 10 यूनिट महिला-पुरुष शौचालय का निर्माण कराने, पेयजल की व्यवस्था पाइप लाइन द्वारा कराने, पर्यटकों को बैठने के लिए कम से कम 50 जगह कुर्सी व शेड का निर्माण कराने, राजगीर की तरह सुखल दरी गेस्ट हाउस से कनहर नदी उस पार छत्तीसगढ़ के ग्राम धवली पहाड़ को झूला बनाकर जोड़ने की मांग की है। उन्होंने जिले के उपायुक्त से उक्त सभी बिंदुओं पर विकास करने का अनुरोध किया है तथा जिला स्तर से ऊपर की सभी योजनाओं को सरकार को भेजने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त द्वारा स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने उपविकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण तथा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग से भी स्थल निरीक्षण करने का अनुरोध किया है। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सोबराती खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरसेटी में छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण शुरू

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का शुभारंभ जेएसएलपीस के बीपीएम अंजनी कुमार, आरसेटी के निदेशक इंदु भूषण लाल, एसबीआई के पूर्व एफएलसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा जेएसएलपीएस के एफटीसी प्रमोद कुमार पांडेय, ध्रुव कुमार पांडेय, संस्था के फैकल्टी मिथलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अंजनी कुमार ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए लिए आप लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आप सभी लोग अपने गांव पहुंचकर समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता का पाठ पढ़ाएंगी। संस्था के निदेशक इंदु



भूषण लाल ने कहा कि आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, आप लोग ट्रेनिंग का लाभ उठाएं। अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि लोगों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक होना होगा तभी आप अपनी राशि को सुरक्षित रख पाएंगी। मौके पर रुस्तम अली, अभिषेक कुमार तिवारी, सुरेंद्र रवि शामिल थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी (जिला जनसम्पर्क इकाई)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

खूँटी जिला अन्तर्गत चयनित स्थलों पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार एवं विशिष्ट एवं अति विशिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु फ्लैक्स होर्डिंग एवं दीवार लेखन इत्यादि का दर निर्धारण हेतु अनुभवी एवं निबंधित फर्मों से दिनांक 12/08/2023 के पूर्वाहन/ अपराहन् 1:00 बजे तक जिला जनसंपर्क कार्यालय (सूचना भवन) खूँटी में मोहर बंद लिफाफे निविदा में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 12/08/2023 को पूर्वाहन/अपराहन् 4:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोला जाएगा।

निविदादाता को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकि एवं वित्तीय बिड देना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकि बिड निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) द्वारा स्वीकृत किया जाएगा, उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बिड विचारणीय होंगे। निविदा की शर्तें एवं तकनीकि/वित्तीय बिड का प्रारूप जिला जनसंपर्क कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं www.prdjharkhand.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
खूँटी

PR 303331 IPRD(23-24).D

**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/19/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तोरपा | 94 बटा की ई/94 समवाय एफ0ओ0बी0 कैम्प, कुरुँगा में किचन, स्टोर एवं डायनिंग हॉल का निर्माण कार्य | 21,15,900.00 | 43,000.00 | 5,000.00 | 4 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 28.07.2023 के अपराह्ण 5:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 05.08.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 07.08.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.08.2023 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 303346 (District) 23-24 (D)

**Office of the Chief Engineer**
**Central Design Organisation (CDO)**
**Drinking Water & Sanitation Department**
Near Nepal House, Doranda Ranchi-834002
Email: **dwsdcdo@gmail.com**, website: **dwsd.jharkhand.gov.in**

RFP No- 01/CDO/Ranchi/Empanelment/2023-24 Dated: - 21.07.23

**Expression of Interest**

Inviting Expression of interest for empanelment of only indigenous manufacturers UPVC pipe to be included as recommended makes to be used in ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15th Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand through Online bidding.

1. Date of uploading of EOI on **http://jharkhandtenders.gov.in** : 26.07.2023
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 02.08.2023 at 3.00 PM.
3. Last date & time of online submission : 16.08.2023 upto 06.00 PM
4. Time and last date & Place for submission of Hard Copy : 17.08.2023 Upto 4:00 PM, at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002. (Performance Guarantee & EOI application Fee should be submitted exclusively in physicalform in sealed envelope)
5. Opening Date of Technical Bid: 18.08.2023 at 3.00 PM
6. EOI application Fee: Rs. 10,000/- only (non-refundable)
7. Helpline No.: +91 9504577191
8. EOI application Fee should be submitted in the shape of Bank DD in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**.
9. Performance Guarantee should be submitted in the shape of NSC / Bank FD (issued within Jharkhand) / Bank guarantee (from any Indian nationalized / scheduled bank) of Rs. 2,50,000/=( Rs two lakh fifty thousand only) pledged in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West**. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Five years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work and routine maintenance after the order from Department based on recommendation of concerned Executive Engineers. Bank guarantee should be in standard format of concerned bank issuing it which must be legally valid for the prescribed period.
10. In the event date specified for receipt / opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
11. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date
12. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
13. Bid Documents / Any changes & Further details can be seen on website : **http://jharkhandtenders.gov.in**
14. All the documents must be submitted online in any pocket (cover) irrespective of specified pocket (cover). Hard copy of the same should be submitted at CDO office.

Sd/-
(Jitendra Kumar Kujur)
Executive Engineer (Quality Control),
CDO, DW&SD, Jharkhand, Ranchi

PR.NO.303173 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


## कार्यक्रम : संगीत कला महाविद्यालय में सावन महोत्सव का किया गया आयोजन

# छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक कजरी लोकगीत की प्रस्तुति से सभी का मन मोहा

**सावन में महिलाएं जब कजरी लोकगीत गाती हैं तो हमारी लोक संस्कृति प्रकाशमान होती है : संध्या सोनी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने एक दूसरे की हाथों में मेहंदी लगा कर, सुहागिनों को हरी-हरी चूड़ी पहना कर व फूलों से स्वागत करके हरियाली का त्यौहार मनाया।

सावन महोत्सव के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा एक से बढ़ कर एक कजरी लोकगीत की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर समाजसेवी संध्या सोनी, कंपनी कमांडर गृह रक्षा वाहिनी राजीव कुमार गौरव की धर्म पत्नी नीतू कुमारी, रश्मि वर्मा, रेखा चौबे, जया तिवारी, नीलू सोनी, किरण देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

मौके पर संध्या सोनी ने कहा कि सावन की हरियाली धरती के हरेक प्राणियों में एक नई उमंग, नई ऊर्जा, स्फूर्ति, नया जीवन प्रदान करती है। सावन में ही महिलाएं तीज का पवित्र त्योहार मनाती हैं। बारिश के बूंदों के साथ जब कजरी लोकगीत गाती हैं तो हमारी लोक संस्कृति प्रकाशमान होती है।

एएसडी प्ले स्कूल की संचालिका रश्मि वर्मा ने कहा कि मौसमी धुन पर गाए जानेवाले सावनी गीतों, कजरी झूला गीतों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। गृहणी रेखा चौबे ने कहा कि सावन मास में कई त्योहार आते हैं। सावन मास का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। हमारे जीवन में हरियाली खुशियों का वरदान है। इसीलिए अगर हम अपने आनेवाले पीढ़ी को यह खुशियां देना चाहते हैं तो हमें पेड़ पौधों को लगाना होगा, संरक्षित करके रखना होगा।

नीतू कुमारी ने कहा कि संगीत कला महाविद्यालय के द्वारा किया गया यह कार्यक्रम काफी मनमोहक है। यह कार्यक्रम हमारे हिंदुस्तानी संस्कृति, रीति रिवाज को जीवंत करता है।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्णिमा कुमारी एवं सखियों ने अरे रामा भींजत मोरी चुनरिया, परिधि गुप्ता एवं सखियों ने अरे रामा बरसे बदरिया छमाछम नाचब ये हरि, शिल्पी एवं सखियों ने सावन महीना मोरे जिया जले, प्रदीप्ता एवं सखियों ने कैसे खेले जइबू सावन में कजरिया बदरिया घिरी आयी ननदी, राधिका एवं सखियों ने कोयल बिना बगिया ना शोभे राजा, सरिता एवं सखियों ने पिया मेहंदी लिया द मोती झील से जाके साइकिल से ना, अमृता एवं सखियों ने झूला झूले राधा प्यारी, स्निग्धा तिवारी एवं सखियों ने बीरन भैया आइहे अनवाया हो सवनवा में अइबे बलमू, ब्यूटी कुमारी एवं सखियों ने कहे तोसे सजना तोहरी सजनिया, पूर्णिमा एवं रंजीत किशोर ने रिमझिम गिरे सावन, धर्मेंद्र कुमार पूर्णिमा ने सावन का महीना पवन करे शोर, इस तरह सभी ने एक से बढ़कर एक कजरी लोकगीत, सावन की गीत गाकर सभी का मनमोह लिया।

### एमसीएच परिसर में 3.5 करोड़ की लागत से बने प्री-फैब अस्पताल का डीसी ने किया उद्घाटन

# मरीजों को एक ही स्थान पर मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी में डीसी के रूप में अपनी पदस्थापना के अंतिम दिन बुधवार को शशि रंजन ने एमसीएच परिसर में 3.5 करोड़ रुपये की लागत से बने नवनिर्मित प्री-फैब अस्पताल का उद्घाटन किया। कोरोना महामारी को लेकर बनाए गए इस प्री-फैब अस्पताल में 50 सामान्य बेड में मरीजों के लिए उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही यहां गंभीर मरीजों का भी इलाज हो सकेगा। इसके लिए अतिरिक्त 10 बेड की सुविधा क्रिटिकल केयर बेड के तौर पर की जा रही है। पूरी तरह से वातानुकूलित इस अस्पताल के बनने से एमसीएच अस्पताल परिसर में एक ही स्थान पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ज्ञात हो कि एमसीएच अस्पताल में बेहतर संसाधन और सुविधा भी उपलब्ध हैं। एसएनसीयू में पैडिएट्रिक्स वेंटिलेशन, पैडिएट्रिक्स सभी बेड में कार्डियक मॉनिटर, रेडियंट वार्मर, फोटोथेरेपी यूनिट, पैडिएट्रिक डिफेब्रिलेटर, पीडिएट्रिक बेड, चाइल्ड इनक्यूबेटर, पोर्टेबल एक्सरे, सक्शन मशीन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही लेबर रूम में भी सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। यहां बंध्याकरण ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही सैम्पल कलेक्शन सेंटर की सुविधा है, जिसमें सुगम रूप से हेमोग्लोबिन, सीबीसी, एचआईवी, टाइफाइड, ब्लड ग्रुपिंग, मलेरिया, शुगर और एनेमिया की जांच की जा रही है। लैब एवं टेस्टिंग की सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, एसडीओ अनिकेत सचान, सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो सहित अन्य चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे।



प्री-फैब अस्पताल का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन।

## लेवी नहीं देने पर अपराधियों ने पुल निर्माण स्थल पर मचाया उत्पात, मजदूरों से की मारपीट





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थाना क्षेत्र के सुरूंदा और मारंगटोली के बीच पुल निर्माण करा रही कंपनी द्वारा अपराधियों को रंगदारी नहीं देने पर मंगलवार की देर रात जमकर उत्पात मचाया गया। पुल निर्माण कार्य में लगे जेसीबी, बाइक व अन्य वाहनों को क्षतिग्रसत कर दिया। अपराधियों ने जेसीबी के चालक और कार्यरत मजदूरों की हॉकी स्टीक से पिटाई भी की। इसी बीच एक अपराधी थैले से कट्टा निकालकर उसमें गोली भरने लगा। यह देख चालक और मजदूर किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग गए। बाद में मजदूरों ने इसकी जानकारी ठेकेदार को दी। ठेकेदार ने घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को दी। एसपी के निर्देश पर खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, थाना प्रभारी चूड़ामणि टुडू और एएसआई दिंगबर पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने इस घटना में उग्रवादियों या नक्सलियों के हाथ होने की संभावना से इनकार नहीं किया है। कहा कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं, सूत्रों की मानें तो पूल निर्माण करा रहे ठेकेदार से नक्सलियों के एरिया कमांडर राड़ुंग़ बोदरा उर्फ लंबू ने लेवी की मांग की थी। लेवी की रकम नहीं देने के कारण मंलवार की देर रात वहां दहशत फैलाने का प्रयास किया। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सली हो, पीएलएफआइ हो या कोई आपराधिक संगठन, जल्द ही मामले का खुलासा होगा और दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## राहे में हुआ वाचनालय भवन का शिलान्यास

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सुअरमारा गांव में वाचनालय भवन का शिलान्यास ग्रामीणों की उपस्थिति में संयुक्त रूप में किया गया। इस मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, मनोरंजन भोगता, महिला अध्यक्ष मीरा देवी, नीता देवी, लखिमनी देवी, सुनैना देवी, सुनीता, सुमन सरदार, वीरेंद्र सरदार, उत्तम सरदार सहित ग्रामीण मौजूद थे। ज्ञात हो कि सोमवार को गांव में विधायक सुदेश महतो ने ग्रामीणों के साथ बैठक की थी। बैठक में ग्रामीणों ने वाचनालय भवन की मांग की थी।

## सिल्ली में एनएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली के राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस) के यूनिट 1 एवं 2 तत्वावधान में टुटकी पंचायत सचिवालय में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर से पंचायत भवन तक एक रैली निकाली गई एवं पंचायत भवन में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 'कारगिल विजय दिवस' के महत्व से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिट-1 की अर्चना कुमारी एवं यूनिट-2 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार एवं भूतपूर्व सैनिक मुचीराम महतो ने आज के दिन के महत्व और कारगिल युद्ध के विवरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों पर भारतीय सैनिकों की जीत की याद में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के बाद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। मौके पर मुखिया शर्मिला कुमारी, उप मुखिया निपेन महतो, वार्ड सदस्य प्रकाश कोइरी, कालेज के शिक्षक, एनएसएस के विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

## बुंडू सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हरित दिवस एवं कारगिल विजय दिवस मनाया। इस असर पर ग्रीन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को पर्यावरण के बारे में बताया गया। प्राचार्या तराना बेगम ने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए हरी साग सब्जी का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या तराना बेगम ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बैठक



**तमाड़ (आजाद सिपाही।** नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर पांच परगना आदिवासी समाज की ओर से सालगाडीह में बुधवार को एक बैठक की गयी। जिसमें आदिवासी दिवस को वृहद् तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिम्मेदारी भी सौंपी गयी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर एक हजार दीये जला मनायी गयी जंगल दिवाली



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा के आदिवासी समाज की ओर से मंगलवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के लगातार एक वर्ष बेदाग पूर्ण कार्य करने पर बुंजू के बारूहातु गांव में एक हजार दीप जलाकर जंगल दिवाली मनाया गया। जिला परिषद बुंडू परमेश्वरी शांडिल ने बताया कि आदिवासी समाज की एक महिला भारत के सर्वोच्य पद पर पहली बार आसीन हुई है। यह आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर पूरे गांव में हर्षोल्लास के साथ प्रत्येक घर पर एक-एक दिया जलाया गया। चौक में हजारों दीये जलाए गए।

## मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर तोरपा थानांतर्गत डांड़टोली गांव के पास मंगलवार की देर शाम ऑटो और हाइवा की भिड़ंत में मारे गए चार लोगों के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डांड़टोली के पास सड़क जाम करने के प्रयास किया। लेकिन बीडीओ दयानदं कारजी, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, प्रमुख रोहित सुरीन, प्रमुख संतोष कर और थाना प्रभारी मनीष कुमार के समझाने पर ग्रामीण मान गए। गौरतलब हो कि मंगलवार के हादसे में मारे गए तीन लोग तोरपा थाना के बोतलो गांव के थे, जबकि ऑटो चालक फुटकल टोली डोड़मा का रहने वाला था। ग्रामीणों का कहना था कि हाइवा मालिक को डोड़मा में बुलाया जाए और आश्रितों को सम्मानजनक मुआवजा दिलाया जाय, ताकि मृतक के बच्चे व पत्नी का भरण-पोषण हो सके। बीडीओ ने कहा कि हाइवा मालिक का पता लागाया जा रहा है। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक और खलासी भागने में सफल रहे थे। इस मौके पर थाना प्रभारी, सीओ और बीडीओ द्वारा आपसी सहयोग से अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि दी गयी और मामले को शांत कराया। इसके बावजूद ग्रामीण नहीं मान रहे थे। वे हाइवा मालिक को बुलाने की मांग पर अड़े थे।

## कारगिल विजय दिवस पर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के भगत सिंह चौक में बुधवार की शाम कारगिल विजय दिवस मनाया गया। चौक में स्थापित भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यूथ क्लब के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र भगत ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के जवानों ने चोटी पर कब्जा जमाए। अपने पराक्रम के दम पर जिस प्रकार पाकिस्तानी सेना को घुटने में ला दिया। ऐसा सिर्फ भारतीय सेना ही कर सकती हैं। देश हमेशा बलिदानी जवानों को याद रखेगा। मौके पर समाजसेवी रमेश मांझी, ब्रजेश कुमार, परिमल घोष आदि उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से जागू व अम्माटोली में लगा नया ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में हर्ष



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा के प्रयास से तोरपा प्रखंड के जागू और अम्माटोली में नया ट्रांसफार्मर लग गया और दोनों गांवों में बिजली बहाल हो गई। इससे ग्रामीणों में हर्ष है। उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं। जागू व अम्माटोली बस्ती में कई दिनों से बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान थे। समस्या को देखते हुए तत्काल सौ केवीए के ट्रांसफार्मर की अनुशंसा उन्होंने की थी और बिजली विभाग के अधिकारियों को दोनों गांवों में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अधिकतर किसान रहते हैं और ट्रांसफार्मर जल जाने से किसानों को सिंचाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। ग्रामीण कभी भी अपनी समस्याओं को लेकर उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर मुखिया प्रतिमा तिड़ू, कृपा सिंधु बेहरा, शशांक शेखर राय, भागीरथ राय, विनोद राय सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कर्रा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा थाना क्षेत्र के सोदाग मोड़ के पास वाहन की चपेट में आने से मंगलवार की देर रात बरांगो गांव निवासी बरनाबास होरो (44) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बरनाबास होरो सोदाग गांव से पैदल अपने गांव बरांगो गांव जा रहा था। तभी सोदाग मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार रात में ही कर्रा पुलिस को सड़क दुर्घटना की जानकारी दी गई। कर्रा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया। घटना के बाद पुलिस अज्ञात वाहन कि तलाश में जुट गयी है।

## पूर्व सैनिकों ने केंद्रीय अर्जुन मुंडा के नाम सौंपा ज्ञापन



**खूंटी।** पूर्व सैनिकों की संस्था फेडरेशन ऑफ वेटरंस एसोसिएशन क्षेत्रीय पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने अर्जुन मुंडा के नाम जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। पूर्व सैनिकों का कहना है कि जवानों की मांगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तीन रिटायर्ड जजों की कमेटी बनाई जाए और कमेटी तीन महीने में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपे और रिपोर्ट को सार्वजनिक करे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## देश वीर शहीदों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा : सकलदीप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू के श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में बुधवार को कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि आज के दिन भारत की सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। देश के उन बलिदानियों को याद करना एक नई प्रेरणा देता है। वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा की इस दिन ही कारगिल में भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 60 दिनों तक चले युद्ध का अंत हुआ था। भारत को इस युद्ध में जीत मिली थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा कब्जा कर ली गई सभी सैन्य चौकियों पर कब्जा करने के बाद ऑपरेशन विजय को सफल घोषित किया. इस युद्ध में भारत के 527 वीर जवान शहीद हुए थे, 1363 जवान घायल हुए थे। मौके पर सभी छात्र छात्राओं के साथ शिक्षिका पार्वती मौजूद थी।

## ईमाम हुसैन की याद में कई जगहों पर हुआ कार्यक्रम, निकाला गया जुलूस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुहर्रम का त्योहार अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर हजरत इमाम हुसैन की याद में कुरान खानी और मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। पिपरवार क्षेत्र के बचरा, न्यू मंगरदाहा, कल्याणपुर और राय में मुहर्रम की सांतवी तारीख को इमाम हुसैन की याद में मातम मनाया गया। इस दौरान इमामबाड़ा और कर्बला में फातेहा के साथ निशान खड़ा किया गया। वहीं, गांव से अखाड़ा जुलूस निकाला गया, जिसमें गांव के लोगों ने लाठी खेल कर इस परंपरा को आगे बढ़ाया। इस संबंध में मुहर्रम समिति के लोगों ने बताया कि 28 जुलाई को नवमी की रात अखाड़ा जुलूस और शनिवार दशवीं को मुहर्रम अखाड़ा एवं ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर, बुधवार को मुहर्रम के सातवीं तारीख पर राय कर्बला में फातिहा का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, कल्याणपुर और न्यू मंगरदाहा के इमामबाड़ा में निशान खड़ा किया गया। दूसरी ओर, बहेरा अंजुमन और नौजवान कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में 31 जुलाई को बहेरा कर्बला मैदान में मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। मुहर्रम जुलूस को लेकर स्थानीय पुलिस की ओर से भी सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया है।

## करण महतो ने गरीबों के बीच वितरित किया अंग वस्त्र



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा पिपरवार मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो ने पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के हेंजदा, डेम्बुवा और कुसुमटोला गांव के गरीब वृद्ध बुजुर्ग और विधवा महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। उन्होंने वृद्ध महिला के बीच साड़ी और वृद्ध पुरूष के बीच गमछा का वितरण किया। इस संबंध में करण महतो ने कहा कि गरीब और असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। साथ ही गरीब बच्चों की शिक्षा में हर संभव मदद का भरोसा दिया। करण महतो पिपरवार क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग सैनिक कंपनी में एक मजदूर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व करण महतो महामारी कोरोना संक्रमण के समय लगे लॉकडाउन में अपने तीन साल का वेतन क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों के बीच खाद्य सामाग्री में बांट दिया। उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी गरीब और असहाय लोगों की मदद करने की अपील की है। इस मौके पर उपस्थित भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि करण कुमार महतो का कार्य सराहनीय है। मौके पर बेती पंचायत उप मुखिया किरण कुमारी, धनराज भोक्ता, संजय गंझु, राहुल गंझु, अरविंद, उदय शर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### 31 सूत्री मांग को लेकर 31 से एनके एरिया बंद कराने का निर्णय

# विस्थापित मोर्चा ने रोड सेल चालू करने की मांग को लेकर बंद कराया केडीएच खदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रोड सेल चालू नहीं होने पर नाराज रैयत विस्थापित मोर्चा ने बुधवार को केडीएच परियोजना का उत्पादन एवं डिस्पैच बंद करा दिया। इस दिन रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले सभी पंचायत प्रतिनिधि एव रैयत विस्थापित केडीएच कांटा घर के पास एकत्र हुए और दोपहर 12 बजे घूम-घूमकर केडीएच खदान एव कोयला ढुलाई बंद करा दिया। दिन भर खदान का काम बंद रहा। उसके बाद केडीएच कांटा घर के पास बैठक हुई। जिसमें मोर्चा एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि रैयत विस्थापित केडीएच परियोजना के जमीन के बदले में सभी स्थानीय रैयत विस्थापितों को रोजगार के लिए कोल डंप दिया गया था। जिसमें केडीएच परियोजना के अंतर्गत 17 गांव आते है। सभी गांवों को कोल डंप के माध्यम से रोजगार प्राप्त है। जिसमें कुछ बाहरी लोग फर्जी रैयत बन कर इस कोल डंप से मिले रोजगार को बंद करने की साजिश कर रहे हैं। जिससे 17 गांवों के लोगों के रोजगार प्रभावित हो रहे है। मोर्चा ने प्रबंधन से आग्रह किया कि इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए यहां के मूल रैयत विस्थापितों को रोड सेल चालू कर रोजगार दिया जाय। लगे हाथ, साथ ही पूर्व में भी 31 सूत्री मांगों पर प्रबंधन का कोई भी सकारात्मक पहल नहीं दिख रहा है इसलिए 31 जुलाई से रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले एनके एरिया बंद कराया जाएगा। मोर्चा ने प्रबंधन से रैयत विस्थापितों को रोजगार देने की मांग की। कहा कि प्रबंधन को रोजगार के सवाल पर रैयत विस्थापितों के साथ सहयोगात्मक रवैया रखना होगा अन्यथा एनके एरिया के जो भी परियोजना विस्तारीकरण होने वाला वह नहीं होगा। बैठक में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, चुरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, इंदिरा देवी, अनिता एक्का, जालिम सिंह, विनय खलखो, जगरनाथ महतो, रंथू उरांव, नरेश गंझू, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, दामोदर गंझु, प्रभाकर गंझू, सलामत असारी, इस्माईल असारी, सहदेव महली, अनिल पासवान, सिपता रामधारी गंझू, बैजू गंझू, राजेंद्र उरांव, प्रेम साव, मनोज तुरी, दशरथ तुरी, अजय, किसुन गंझू, हैदर खान, अनूप उदय सिंह, शिवनारायण लोहरा आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
09

# जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष लोहरा समाज ने किया प्रदर्शन



**सीओ से मिलकर लोहरा जाति के लोगों को एसटी का प्रमाण पत्र देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड लोहरा जाति समाज के बैनर तले लोहरा जाति के लोगों ने अंचल सह प्रखंड कार्यालय के समक्ष जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर लोहरा जाति के लोगों ने कहा कि हमें आदिवासी का दर्जा देना होगा। लापुंग प्रखंड लोहरा समाज के अध्यक्ष सुखु लोहरा के नेतृत्व में लोहरा समाज के लोगों ने लापुंग के अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु से मिलकर लोहरा जाति के लोगों को एसटी का प्रमाण पत्र देने की मांग की। हालांकि मिलने गए प्रतिनिधिमंडल से सीओ ने दो टूक कहा कि चूंकि आपके खतियान में लोहार जाति लिखा हुआ है और सरकारी प्रावधान के तहत आप सभी ओबीसी में आते हैं। इसलिए आप लोगों का जाति प्रमाण पत्र एसटी दर्जे का नहीं बन सकता। बाद में सड़क पर उतर कर लोहरा समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि लोहरा जाति के लोगों का रहन सहन, रीति रिवाज, परंपरा और संस्कृति जनजातीय लोगों से मिलती जुलती है। इसलिए हमारी पहचान जनजातीय रूप में होनी चाहिए। इसके पूर्व लापुंग प्रखंड के लोहरा समाज की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुखु लोहरा की अध्यक्षता में सापुकेरा बाजार टांड़ में आयोजित की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में लोहरा समाज के लोग एकजुट होकर सीओ से मिले और लोहरा जाति को आदिवासी का जाति प्रमाण पत्र बनाने का मौखिक प्रस्ताव रखा। सुखु लोहरा ने कहा कि हमें अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया गया तो पढ़ाई लिखाई व सरकारी नौकरी सहित अन्य सरकारी अधिकारों से संपूर्ण समाज वंचित हो जाएगा। मौके पर लोहरा समाज के सचिव बैजनाथ लोहरा, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र लोहरा, शिवचरण लोहरा, राजमोहन लोहरा, कविता देवी, रवि लोहरा के अलावे लोहरा जाति के दर्जनों लोग शामिल हुए।

## मांडर में स्वराज मेला का उद्घाटन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** शिव मंदिर मांडर के प्रांगण में बुधवार को स्वराज मेला का उद्घाटन शिव मंदिर समिति के सदस्य अशोक अग्रवाल के द्वारा फीता काटकर किया। मेला सचिव मिलन बॉस के द्वारा बताया गया कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी सात-आठ राज्यों के उद्यमी अपने उत्पाद लेकर प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए आ रहे हैं। यह मेला 26 जुलाई से 10 अगस्त तक लगातार बारह बजे दिन से रात्रि नौ बजे तक चलेगा। मौके पर शिव मंदिर समिति मांडर के सदस्य, ब्रह्मानंद सेनगुप्ता, अशोक अग्रवाल, मनोज कुमार, मिलन बॉस समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अखंडानंद शिक्षा एवं संस्कार केंद्र ओबर के बच्चों से मिले ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ में रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के मार्गदर्शन में पंचायत के प्रत्येक टोलों में स्कूली बच्चों के लिए अखंडानन्द शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्र का संचालन अभिभावक स्वयं के खर्चे से कर रहे हैं। इस केन्द्र में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्य अधारित शिक्षा भी स्वामी जी के लोगों द्वारा दी जाती है। इसी कड़ी में बुधवार को ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य महराज ने बच्चों को मानवीय मूल्य आधारित विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मन में हमेशा ईश्वर का स्मरण करते हुए किसी भी कार्य को प्रारंभ करना चाहिए ताकि मन में उच्च विचार के साथ-साथ कार्य करने में शक्ति मिलेगी। मौके पर जीतेन्द्र महतो, रोहित शाही, सोमरा बेदिया, युगलकिशोर बेदिया आदि उपस्थित थे।

## चार बाइक चोर गिरफ्तार, सात बाइक जब्त

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी पुलिस ने चार बाइक चोरों को ओरमांझी के कुच्चू से गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से चोरी की सात मोटरसाइकिलें भी बरामद की गयी हैं। पकड़े गए चोर रामगढ सल्गो के साहिल करमाली पिता नरेश करमाली, कुच्चू के बब्लू कुमार पिता बासुदेब साहू, दिनेश कुमार पिता सिद्धेश्वर महतो, सुदेश कुमार पिता रामप्रीत साहू हैं।

**बैठक :** मुहर्रम पर्व को लेकर अनगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक

# अनगड़ा प्रखंड के लोग मिल-जुलकर सद्भाव से मुहर्रम पर्व मनायें: डीएसपी

**शांति समिति के नेतृत्व में सभी गांवों से मुहर्रम का सद्भावना जुलूस निकालने का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर बुधवार को अनगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोहर्रम का पर्व शांति और सद्भावनापूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। पदाधिकारियों ने पहले उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों, राजनीतिक दल के नेताओं तथा पंचायत व प्रखंड के प्रतिनिधियों से जानकारी हासिल की। मौके पर डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड शांति और सद्भावना के लिए एक मिसाल है। जिस प्रकार सभी पर्व दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे व सद्भाव के वातावरण में मनाते आए हैं। उसी प्रकार मुहर्रम का पर्व भी शांतिपूर्ण व सद्भाव से मनायें। इस बीच बैठक में उपस्थित थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांव के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस बार अपरिहार्य कारणों से मुहर्रम का जुलूस नहीं निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय पर शिक्षाविद डॉ रिझू नायक ने कहा कि सदियों से यहां सद्भावनापूर्ण वातावरण में मुहर्रम का जुलूस निकलते आया है। जिसमें सभी समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ऐसे में इस बार मुर्हरम का जुलूस नहीं निकाले जाने से क्षेत्र की जनता में गलत संदेश जाएगा। सदस्यों ने डॉ रिझू नायक की बातों को गंभीरता से लिया तथा निर्णय लिया कि शांति समिति के तत्वावधान में सभी गांवों से मुहर्रम का सद्भावना जुलूस निकाला जाएगा।

बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पहान, प्रमुख दीपा उरांव, सुरेन्द्र महतो, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, मुस्तफा अंसारी, रामकृष्ण चौधरी, जैलेन्द्र कुमार, विरेन्द्र सिंह भोगता, अजय महतो, जलनाथ चौधरी, अब्दुल इमाम अंसारी, जाकीर खान, अनवर खान, सिकंदर अंसारी, नरेश साहू, मुन्ना मुण्डा, मुमताज खान, शिवदास गोस्वामी, रामसाय मुण्डा, अब्बास अंसारी, रामपोदो महतो, जयशंकर मुण्डा, एतवा उरांव, जयराम महली, शिबू मुण्डा, रामनाथ महतो, राजेन्द्र महतो, अजय तिर्की, शहनवाज खान, दुर्गा पहान, समीम खान, गबेश्वर महतो, एहसान अंसारी, मंजोति देवी, पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार, थाना प्रभारी नवीन कुमार, एएसआई संतोष गिरि, सचिन लकड़ा, मदन शर्मा, डालसा की पीएलवी बेबी सिन्हा आदि मौजूद थे। संचालन थाना प्रभारी नवीन कुमार ने किया।

# जिला स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 23 में कांके, रातू एवं बुंडू विजेता बने

**विजेता टीमें द. छोटानगपुर की टीम से 31 जुलाई से 2 अगस्त तक रांची में होने वाली प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में जिला स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 संपन्न हुई। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस बालिका बरियातू, राची में अंडर 17 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में अपग्रेड हाई स्कूल कुमहरिया, कांके ने केजीबीवी चान्हो की टीम को 5-0 हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता का दूसरा फाइनल अंडर-14 बालक वर्ग का संत जॉन्स फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया, जहां बीसी विद्यालय मखमंदरो रातू की टीम ने प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहुंडू, नामकुम को ट्राइब्रेकर मुकाबले में 3-2 से पराजित कर विजेता बनी। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय बुंडू टीम संत जेवियर मांडर को 3-1 से हराकर विजेता बनी।

विजेता टीमों को विजेता ट्रॉफी मुख्य अतिथि धीरसेन सोरेंग, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची) ने प्रदान किया। इस मौके पर धीरसेन सोरेंग ने कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों का सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत है, खेल के क्षेत्र में विभाग स्कूली बच्चों को हरसंभव सुविधा प्रदान करेगी ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ ही साथ खेल में राज्य एक नाम विश्व स्तर पर रौशन कर सके।

बालिका उच्च विद्यालय बरियातू के प्राचार्य दीपक कुमार, संत जॉन्स उच्च विद्यालय के उप प्राचार्य सिकेंद्र केरकेट्टा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप, पंकज तिर्की, निर्मल बड़ाइक, मो इम्तियाज, मनोज कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, समीर चौधरी एवं एम मोदस्सर ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रांची के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल किशोर, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बन्धु कच्छप, प्रतियोगिता के नोडल शारीरिक शिक्षा शिक्षक जफर इमाम, देवचरण कच्छप, प्रदीप कुमार महतो ने अपना योगदान दिया तथा झारखंड फुटबॉल संघ के तकनीकी अधिकारी तबरेज आलम, निशांत मिंज, तनवीर आलम, शिशिर मिंज, धनु स्वंशी, संदीप तिग्गा, अंजू टूटी, इरफान खान और अंजलि गाड़ी ने रेफरी की भूमिका निभाई।

विजेता टीमें दक्षिण छोटानगपुर की टीम से 31 जुलाई से 2 अगस्त तक रांची में होने वाली प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 23-24 में भाग लेंगी।

# संपूर्ण संसाधन और सुविधा के बाद शिफ्ट होगा मॉडल स्कूल : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बुधवार को मॉडल विद्यालय, सोंस के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ चान्हो प्रखंड मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ एवं शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में दो महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि अभिभावकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। संपूर्ण संसाधन से लैस होने के बाद ही विद्यालय को सोपारोम में शिफ्ट किया जाएगा।

वर्तमान में मॉडल स्कूल राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोंस में संचालित है। विद्यालय का नया भवन सोपाराम में बना है। जब तक नये भवन में सभी सुविधा छात्र हित में उपलब्ध नहीं होता है तब तक मॉडल उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोंस में ही संचालित होगा। वर्त्तमान में विद्यालय में तीन शिक्षक कार्यरत हैं। छात्र हित में और दो शिक्षकों की आवश्यकता है। अतः तत्काल दो शिक्षक उपलब्ध कराये जायें, ताकि छात्रों का पठन-पाठन बाधित ना हो। इन मुद्दों को लेकर अभिभावकों की सहमति भी बनी, जिसपर पूर्व मंत्री ने इन बिन्दुओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। बैठक में मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्लाह अंसारी, इरशाद खान, प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के साथ अभिभावक बैठक में उपस्थित थे

**पहल :** स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति ने लिया निर्णय

# स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने के लिए कांवर यात्रा 13 अगस्त को

**इस कांवर यात्रा का उद्देश्य लोगों को नदियों और ऐतिहासक धरोहर के प्रति जागरूक करना है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त करने और नागवंशीकालीन शिवलिंग (इक्कीसो महादेव) को संरक्षित करने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा 13 अगस्त रविवार को स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल, रानीचुंआ से चुटिया स्थित इक्कीसो महादेव तक पैदल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया है। करीब 20 किलोमीटर की इस यात्रा में 250 से अधिक महिला और पुरूष कांवरिए रानीचुंआ से जल उठाकर इक्कीसो महादेव के प्राचीन शिवलिंगों में अभिषेक करेंगे। इस कांवर यात्रा का उद्देश्य लोगों को नदियों और ऐतिहासक धरोहर के प्रति जागरूक करना है। इस यात्रा में कांवरिए पवित्र जल के साथ हाथों में बैनर, पोस्टर और प्ले कार्ड के माध्यम से स्वर्णरेखा को प्रदूषण मुक्त करने की अपील करेंगे।

**यात्रा में सम्मिलत होने पंजीकरण अनिवार्य :** कावंर यात्रा पूर्णतः निःशुल्क है। समिति की ओर से प्रत्येक कावंरिए को स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव के प्रति जागरूकता संदेश वाले टी शर्ट दिये जाएंगे। उक्त कांवर यात्रा में सम्मिलत होने के लिये पंजीकरण अनिवार्य होगा।

**चार जगहों में होगा यात्रा का पड़ाव :** उक्त कांवर यात्रा के लिये चार स्थानों में विश्रामस्थल बनाया जायेगा। रानीचुंआ से निकलने के बाद नगड़ी रेलवे क्रॉसिंग, कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक और सिरम टोली में विश्राम स्थल होंगे। जहां पीने के पानी, चाय, शौचालय, अल्पाहार और मेडिकल की सुविधा होगी। कांवर यात्रा के साथ-साथ निजी वाहन, बस और एम्बुलेंस की भी व्यवस्था होगी। जो कांवरिए पैदल चलने में असमर्थ होंगे वे वाहनों का उपयोग कर सकेंगे।

**इक्कीसो महादेव एक परिचय :** रांची के चुटिया में स्वर्णरेखा नदी और हरमू नदी का संगम होता है। ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार 16वीं शताब्दी में चुटिया नागवंशी राजाओं की राजधानी हुआ करती थी। तत्कालीन राजाओं ने इसी संगम स्थल पर स्थित चट्टानों में 21 अलग-अलग प्रकार के शिवलिंग उत्कीर्ण कराये थे। इतिहासकारों के अनुसार इसी संगम के किनारे दुघरवा में राजाओं का महल हुआ करता था। राजघराने के लोग इसी संगम के शिवलिंगों में पूजन कर अपनी दिनचर्या की शुरुआत करते थे। लोग बताते हैं कि इस स्थान पर कालसर्प दोष के निवारण के लिये विशेष पूजा होती थी। जिसमें लोग काफी दूर-दूर से आते थे। इसी स्थान पर काफी वर्षों से प्रत्येक कार्तिक पूर्णिमा को मेले का आयोजन होता है। जहां लोग स्नान और दान करने के लिये आते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्वर्णरेखा और हरमू नदी के प्रदूषण के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार कमी आ रही है। हरमू नदी से होते हुये सैकड़ों टन कचरा इस संगम स्थल में आकर मिलता है और स्वर्णरेखा को भी प्रदूषित करता है। नदी का पानी काला और बदबूदार हो चुका है। नदी के प्रदूषण के कारण इक्कीसो महादेव के पत्थरों का भी लगातार क्षरण हो रहा है। अगर समय रहते इसे नहीं बचाया गया तो यह प्राचीन शिवलिंग विलुप्त हो जाएंगे।

## देसी कट्टा के साथ अपराधी आशीष उरांव गिरफ्तार

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग पुलिस ने आशीष उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। उसने पोला गांव के राजेन्द्र उरांव को 24 जुलाई की रात को सिर में गोली मार कर घायल कर दिया था। गंभीर अवस्था में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर सिर में फंसी गोली निकाली। घायल राजेन्द्र अब खतरे से बाहर है। इस घटना में घायल राजेन्द्र उरांव की पत्नी प्रमिला धान ने प्राथमिकी में आशीष उरांव को नामजद अभियुक्त बनाया था। उसको पकड़ने के लिए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के निर्देश पर एक टीम गठित कर छापामारी कर आरोपी के पास से एक सी कट्टा, एक जिंदा गोली, दो खोखा, एक प्लेट बरामद किया गया। आशीष के अपराध कबूल करने के बाद लांपुग पुलिस ने जेल भेज दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम के आरडीएस पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड द्वारा आरडीएस पब्लिक स्कूल नामकुम में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय मानव अधिकार ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। उसके बाद तिरंगा मार्च स्कूल से टाटा रोड होते हुये नामकुम बाजार, महाराजा प्रताप चौक, सदाबहार चौक, चाय बागान होते हुये वापस स्कूल पहुंचा। तिरंगा मार्च में सैकड़ों महिला पुरुष तिरंगा के साथ शामिल हुये। स्कूल पहुंचकर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में कारगिल में शहीद हुये सैनिकों की पत्नियों को अतिथि द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रूथ मिंज, एंथोनी तिग्गा, एलोन वीणा तिग्गा, मीना देवी, अंजुला देवी एवं ज्योति खलखो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, मनोज सिंह, कैलाश कुमार, नामकुम बीडीओ ज्ञान शंकर जयसवाल ने संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष मीरा यादव, धनंजय सिंह, अरुण झा, ललन ठाकुर, अक्षय मिश्रा, मनोज कुमार, मिथिलेश पांडे, आरके चौबे, डीएन झा, रघुनाथ झा, नागेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में लाइव मोटिवेशनल प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के व्यावसायिक विकास और प्रेरणा कार्यक्रम पहल पर आईक्यूएसी द्वारा लाइव मोटिवेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोटिवेशनल प्रोग्राम सत्र के मुख्य वक्ता मिस्टर राजीव गुप्ता एवं संचालन डॉ श्रिस्ति डोरा ने किया। मौके पर राजीव गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में सफल होना चाहते हैं, लेकिन सभी सफल नहीं होते। सफलता की पहली सीढ़ी सुनियोजित योजना बनाना और उसका सही क्रियान्वयन करना होता है। उन्होंने कहा कि हम योजना तो बना लेते हैं, लेकिन सही ढंग से उसका क्रियान्वयन नहीं करते हैं। सही समय पर सही ढंग से, सही दिशा में की गयी मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है। हमें कभी भी करनी व कथनी में अंतर नहीं करना चाहिये। संघर्ष के बिना जीवन अधूरा है। जिंदगी का नाम ही संघर्ष है। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रो. डॉ श्रीरमन दुबे, दिलीप श्रीवास्तव एवं सभी संकाय के डीन एवं एचओडी उपस्थित थे।

### कारगिल विजय दिवस पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने बुधवार को कारगिल विजय दिवस पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मेगा ट्री प्लांटेशन के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के द्वारा प्रत्येक गोद लिये हुये गांवों में पौधरोपण किया गया। सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित पंचप्राण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी या औपनिवेशिक मानसिकता का नामोनिशान मिटाना, अपनी विरासत और विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना। संबंध में सलंग्न पंच प्रण शपथ पत्र के माध्यम से शपथ समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीद फ्रांसिस होरो जो 30 सितंबर 2016 को देश के लिये अपनी प्राणों को न्योछावर कर दिए थे उनकी पत्नी नामकुम लाली निवासी अनस्तास्या होरो को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो. चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ. कौशल किशोर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अंजनी कुमार सिंह, सुमन कुमारी, एनएसएस वॉलिंटियर्स के अलावा प्रोग्राम ऑफिसर्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बेड़ो में दिघिया में संत अन्ना धर्म संघ की 126वीं जयंती समारोह का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया स्थित संत अन्ना बालिका स्कूल में बुधवार को संत अन्ना धर्म संघ की 126वीं जयंती समारोह सह स्कूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थीं। समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संत अन्ना धर्म समाज का शिक्षा के क्षेत्र में किया गया काम बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सफलता कठिन परिश्रम का परिणाम है। बच्चे समय का सही उपयोग पढ़ाई में करें। कठिन परिश्रम करें एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिस्टर व टीचर स्कूल के बच्चों को सही शिक्षा देने के लिए बहुत मेहनत कर रही हैं। इसका परिणाम है कि 2023 के मैट्रिक के परीक्षा में कुल 121 बच्चे अच्छे अंकों से पास हुए। समारोह में स्कूल के प्रभारी ने विधायक को शॉल ओढ़ाकर व पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका उरांव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि मनकु कुजूर, देवनीश तिग्गा, सिल्वेस्टार तिर्की, शम्भू बैठा, मो. फहीम व सोमरा लोहरा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### बेड़ो के पुरियो में ग्राम सभा व पेंशन जांच शिविर का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में बुधवार को ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं शिविर में 340 पेंशन लाभुकों की पेंशन जांच की गयी, जिसमें सभी सही पाए गए। मौके पर मुखिया नीरज कुजूर ने पेंशन धारियों व ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव में वैसे पेंशनधारी जिनकी मौत हो गई है। उनका नाम पेंशन सूची से हटाना है ताकि नए योग्य पेंशन लाभुकों को इस योजना का लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया ने कहा पंचायत का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर उप मुखिया विजय उरांव, टीआरआई सदस्य लक्ष्मी कुमारी, सुनील भगत, अर्जुन महतो, गोपाल महतो, वार्ड सदस्य सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मुआवजे की मांग को लेकर शव सड़क पर रख कर ग्रामियों ने किया प्रदर्शन

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत, पांच घायल

**समाचार लिखे जाने तक शव रखकर जारी था सड़क अवरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जपला-पथरा मुख्य पथ के हटिया गांव के समीप बुधवार की शाम चार बजे हाईवा व बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन में से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अतुल राम (21) के रूप में हुई है। वह कुशा गांव का रहने वाला था। इसी हादसे में अतीश कुमार सिंह (22) और रंजन राम (21) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक इस दिन एक ही बाइक पर सवार होकर अतुल, अतीश और रंजन जपला से वापस अपने घर कुशा जा रहे थे। तभी पथरा के ओर से तेज रफ्तार से आ रही हाईवा ने हटिया गांव के समीप बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे अतुल राम की मौके पर ही मौत हो गयी। उधर, घटना के बाद हाइवा चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर लिया और उसकी जमकर पिटाई करने के बाद कब्जे में ले लिया। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया। ड्यूटी में तैनात डॉक्टर विनेश राम ने प्रथमिक उपचार के बाद आतिश कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिय मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर हुसैनाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी। चालक को ग्रामीओं से अपने कब्जे में ले लिया। उधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जपला-पथरा मुख्य पथ को जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। इस कारण सड़क के दोनों ओर छोटी-बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दिया था।

## पेट्रोल पंप के पास हुई थी दो बाइक की भिड़ंत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला पड़वा मुख्य पथ स्थित एनएच-75 पर बीमोड़ के पास दो बाइक की इभड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बीमोड़ एसआर पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में जोरदार टक्कर हुई थी। जिससे दोनों बाइक पर सवार चार युवक घायल हो गये।



स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर चारों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान सिगिसगी के ओरिया गांव निवासी सकेंद्र चौधरी (23) की मौत हो गयी। जबकि दीपक विश्वकर्मा और मिथिलेश चौधरी का इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक एक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। इधर, रेहला पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## एमकेडीएवी में श्रद्धापूर्वक याद किये गये कारगिल के शहीद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर निदेशक पीएस-1 के आशीष की अगुवाई में संचालित डाल्टनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में दो पूर्व सैनिकों कामाख्या नारायण सिंह अनरेरी नायक सूबेदार, सदस्य (स्थानीय प्रबंध समिति एमकेडीएवी) और नायक सूबेदार बृजेश शुक्ला एमएसीपी अपनी धर्मपत्नी संजू शुक्ला के साथ पहुंचे थे। इनकी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एकादश कक्षा के छात्र दीपांशु सिंह ने शहीदों की स्मृति में कविता पाठ किया, जबकि अर्पिता एवं अदिति ने भाषण देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, अपने संबोधन में कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि ऐसे अवसरों पर शहीदों को याद करना, सम्मान देना, तीनों सेनाओं को सम्मान देना जैसा है। बृजेश शुक्ला ने कारगिल युद्ध की कठिनाइयों एवं सैनिकों के हौसलों की जानकारी देते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा द्वारा अपनी मां के लिए भेजे गए पत्र की जानकारी दी एवं उनका प्रसिद्ध कथन बताया। वहीं, प्राचार्य डॉ जीएन खान ने बताया कि कारगिल युद्ध अत्यंत विषम परिस्थितियों में लड़ा गया था। दुश्मन ऊपर से घात लगाए बैठा था और हमारी सेना नीचे से हमला करते हुए ऊपर चढ़ रही थी, जो बहुत खतरनाक था। इस युद्ध में कुल 527 सैनिक शहीद हुए। इस युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा एवं सौरभ कालिया डीएवी के पूर्व छात्र थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीनाक्षी कारण एवं सुभाषिनी श्रीकंठ ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे। उन्होंने छात्रों से इस दिन एक दिया शहीदों के नाम जलाने का आग्रह किया।

## भाजपा की सोशल मीडिया कार्यशाला में शामिल हुए कार्यकर्ता

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बूथ जीतों, चुनाव जीतों, नारा पर आधारित सोशल मीडिया कार्यशाला में पिपरवार भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का मंत्र बताया गया। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, धनराज भोगता, अरविंद कुमार सिंह, आदित्य केशरी और विक्रम कुमार आदि शामिल हुए।

## चिकित्सा प्रभारी ने टीबी मरीजों को लिया गोद



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के एक गरीब और निर्बल टीबी के मरीज को गोद लिया। उन्हें दवा के साथ अतिरिक्त प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ दिया गया। साथ ही संकल्प लिया कि जब तक मरीज पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाएंगे सेवा देते रहेंगे। इससे मरीज काफी खुश दिखा। वहीं, डॉ राजीव ने बताया कि टीवी के मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उनके खान-पान और पौष्टिक आहार को लेकर होती है। इससे उनका रोग ठीक होने में काफी परेशानी होती है। यह बीमारी छुआछूत से फैलती है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी ग्राम निवासी सुरेश भुइयां को गोद लेते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया। बता दें कि आयुष्मान भारत झारखंड में लेस्लीगंज सीएचसी को बेहतर प्रदर्शन करने पर डॉ राजीव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। इस मौके पर बीपीएम राजकुमार सिंह, एसटीएस दीपक कुमार, बीटीटी अनिल कुमार गिरी सहिया साथी रेखा देवी आदि उपस्थित थे।

## रक्तवीर योजना लाये जाने पर धीरज मिश्रा ने सरकार के प्रति जताया आभार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड में खून की कमी को दूर करने के लिए सरकार रक्तदान को बढ़ावा देगी। इसके लिए रक्तवीर योजना लाने जा रही है। इसके तहत अलग-अलग कैटेगरी में रक्त दाताओं को सम्मानित किया जाएगा। रक्तवीर योजना लाए जाने के लिए सरकार को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए पिछले 10 वर्षो से रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक और प्रेरित करने वाले पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने खुशी जाहिर की है। बताया कि राज्य में सिकल सेल अनीमिया,



थैलेसीमिया के मरीजों की संख्या ज्यादा है। जिन्हें नियमित रक्त की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा कैंसर मरीज, गर्भवती महिलाओं एवं ऑपरेशन के दौरान भी रक्त की जरूरत पड़ती है। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसकी पूर्ति केवल रक्तदान से ही संभव है। इसलिए रक्तदान को बढ़ावा देना समाज की आवश्यकता है। यह खुशी की बात है कि सरकार रक्तवीर योजना ला रही है। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्र ने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए रक्तवीर योजना के बारे में बताया कि रक्तवीर योजना के तहत जो व्यक्ति पांच बार रक्तदान करेगा उसे रक्त वीर, 15 बार रक्तदान करने वालों को महा रक्तवीर एवं 25 बार रक्तदान कर चुके व्यक्ति को परम रक्तवीर का तमगा बैज दिया जाएगा। इसके अलावा ऐसे तमगाधारी रक्तदाताओं को सरकार की ओर से विशेष लाभ देने पर विचार किया जा रहा है।

## मुहर्रम की सप्तमी को कर्बला पर की गयी चादरपोशी

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के करमा गांव में मुहर्रम की सप्तमी को कर्बला पर फतेहा और चादर चढ़ाई गई। गांव में जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान बच्चे, युवा, बूढ़े और महिलाएं सैकड़ों की संख्या में या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए कर्बला पहुंचीं। जहां फतिया और चादर पोशी की गई। सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां ने कहा कि मुहर्रम सातवीं तारीख को हम लोग कर्बला पर जाकर फतेहा और चादर पोशी करते हैं। बताया कि बुधवार की रात में भी गांव में जुलूस निकाला जाएग। गुरुवार को मुहर्रम की छोटी चौकी शुक्रवार को बड़ी चौकी और शनिवार को 10वीं यानी पहलाम मनाया जाएगा। कारीगर उस्मान मियां और कुद्दूस मियां ने बताया कि ताजिया मक्का मदीना की तर्ज पर बनाया जा रहा है। इस मौके पर मकसूद आलम, शौकत अंसारी, अलादीन अंसारी, युवा व्यवसाई शमशाद अंसारी, वकील अहमद, तहसीन रजा सिपतेन रजा, सरवर अंसारी और तबरेज अंसारी आदि मौजूद थे।

## 111 वर्षीय वृद्ध के निधन पर राजेंद्र यादव ने जताया शोक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत निवासी सह प्रांतीय यादव महासभा के अध्यक्ष नरेश यादव के 111 वर्षीय पिता रद्दू यादव का बुधवार की सुबह निधन हो गया। पूर्व मुखिया सह राजद के जिला प्रधान महासचिव राजेंद्र यादव सहित कई लोग दाह संस्कार में शामिल हुए। अंतिम संस्कार घर के समीप ही सलैया अस्मसान घाट में किया गया। मौके पर दीपक यादव, डॉ अमित यादव, कमलेश यादव, लखन ठाकुर, सीताराम मिस्त्री, मुनारिक यादव, बिलाश यादव व रामनंदन आदि थे।

## झरगड़ा गांव में देवी मंदिर के गुंबद निर्माण को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरगड़ा गांव में देवी मंदिर के गुंबद निर्माण को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें ग्रामीण श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ आठ पवित्र नदी सोननदी, पुनपुन, सिकनी, कररबार उद्गम आदि से जल उठाया। जलभराई में संतोष कुमार व उनकी पत्नी, भरत प्रसाद गुप्ता, अशोक प्रसाद गुप्ता, नंदू यादव, कंचन प्रसाद गुप्ता, ब्रिज किशोर प्रसाद गुप्ता, उमा गुप्ता आदि शामिल थे। रमेश पाठक, रामेश्वर पाठक व सत्यानंद पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भराई करवाया। इस अवसर पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन भी आयोजित हुआ।

## मिशन इंद्रधनुष के सफल संचालन को लेकर बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सात अगस्त से शुरू हो रहे मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के सफल संचालन व आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बैठक की गई। जिसकी अध्क्षता बीडीओ रतन कुमार ने की। इसमें मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन से संबंधित, घर-घर सर्वे कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर का पुनरीक्षण किया गया। वहीं अभियान से जुड़े कार्यों की सफलता एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभियान के क्रम में लक्षित समूह के शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने बताया कि विस्तृत रणनीति के तहत मिशन इंद्रधनुष व आयुष्मान पखवाड़ा अभियान को सुनिश्चित रूप से



सफलीभूत कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पंचायत प्रतिनिधियों सहिया साथियों, स्वास्थ्य कर्मियों आदि से सक्रियता की अपील की। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, लेखापाल राजीव कुमार, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव, मुखिया पति बिमलेश पासवान आदि मौजूद थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक, जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आदेश

# आपसी प्रेम-भाईचारगी से मनायें मुहर्रम पर्वः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक टाउन हॉल में हुई। डीसी ने कहा कि सभी धर्म संप्रदाय, मजहब के लोगों द्वारा मिलकर मिशाल पेश करने की परंपरा रही है। मुहर्रम पर्व आपसी एकता और भाईचारा का प्रतीक है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार डीजे और सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ गाने नहीं बजाने की




अपील की। साथ ही कहा कि जिले के सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों में शांतिपूर्ण इबादत करें। उन्होंने लोगों से मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है, जिसे कायम रखने में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

### मनचलों पर कार्रवाई, सोशल मीडिया पर रहेगी नजर : एसपी

एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने की बात कही। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की बात कही। जिले वासियों से अपील की कि अगर कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया में कोई आपत्तिजनक पोस्ट करता हो और वो लोगों के संज्ञान में आता है तो तुरंत उस पोस्ट को पुलिस से साझा करें। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड या शेयर करता पाया गया तो वैसे व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपरोक्त के अलावा सहायक समाहर्ता, तीनो एसडीओ, सभी बीडीओ, सीओ, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सभी सदस्य सहित बडी संख्या में विभिन्न अखाड़े के सदस्य और वॉलंटियर उपस्थित रहे।


### कार्यालय
### असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

Letter No : 1016(1)/ DHS Date : 19/07/2023

**Short Tender Notice**

The Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Hazaribagh invites tender (hereinafter referred as bid(s)) from eligible bidders for entering into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment/ Appliances/Accessories etc. and construction of Modular Operation Theatre at district Hospital Hazaribagh.

Detailed tender notice can be seen and downloaded from officical website of Hazaribagh district "https://hazaribagh.nic.in"

**Civil Surgeon-Cum-CMO, Hazaribagh**

PR.NO.303325 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)
शुद्धि–पत्र

विज्ञापन PR No – 303018 दिनांक 22–07–2023 एवं पत्रांक 753 / स0क0 दिनांक 20.07.2023 द्वारा गर्म पोशाक स्वेटर (Hoodie) (Winter Uniform) आपूर्ति हेतु प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा मे विभागीय आदेश ज्ञापांक 2044 दिनांक 24.07.2023 के आलोक में गर्म पोशाक का निम्न Specification का होना अनिवार्य होगा।

| क्र0 | सामग्री का नाम | मात्रा | विशेष विवरणी (Specification) | | | दर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वेटर (Hoodie) | 53310 अद्द | Sweater Quality | : | Unisex | प्रति स्वेटर 200/–रू0 (GST सहित) से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| | | | Colour | : | Maroon | |
| | | | Material (Blend Composition) | : | Acrylic-100%(±2%) | |
| | | | Yarn | : | High Bulk Yarn | |
| | | | Neck Type | : | Hoodie | |
| | | | Sleeve | : | Full regular Sleeve | |
| | | | Weight | : | 225 Gm & above | |
| | | | Shrinkage or elongation on Washing (max) | | 4% or Better | |
| | | | Colour fastness to Light | | 4% or Better | |
| | | | Colour fastness to Washing | | Change in colour 3 or Beetter, Stain on Adajacent Fabric 3 or Better | |

निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय। अति अल्पकालीन निविदा में प्रकाशित शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेगी।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 303345 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

उपायुक्त,कोडरमा।

### जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद,खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/18/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तोरपा | कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत जरिया पंचायत के ग्राम नौरिंगा में बहुद्देशीय सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 14,93,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 4 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 28.07.2023 के अपराह्ण 5:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 05.08.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 07.08.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.08.2023 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,खूँटी

PR 303341 District(23-24).D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



अज्ञात पुरूष का शव,
उम्र करीब–60 वर्ष
हुलिया–ब्लु रंग का हाफ पैंट पहने हुए थे।

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव ग्राम गरई काल्जे मोड़े स्थित लक्ष्मण बरला के खेत से, थाना–लापुंग, जिला–राँची से बरामद किया गया है। जिसके संबंध लापुग थाना काण्ड सं0–24/23, दिनांक–09.07.23, दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित ओ0पी0 या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

सहायक पुलिस बेडो, रॉंची। – 94317 28777
थाना प्रभारी लापुंग, रॉंची। – 89877 06178

वरीय पुलिस अधीक्षक
रॉंची

PR 303326 Police (23-24)_D

### राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री ने ऊपरघाट में किया ग्रामीण हाट का उद्घाटन

# लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का करती रहूंगी प्रयास : बेबी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट बरई पंचायत के जुड़ामना पर ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से निर्मित जुड़ामना ग्रामीण हाट का उद्घाटन राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करने में जुटी हूं।



शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास करती मंत्री बेबी देवी व अन्य।

लोगों का आशिर्वाद रहा तो हर पंचायत स्तर पर सरकार की योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करूंगी। वहीं, सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार का शेड बन जाने से ग्रामीणों का लेन-देन करने में काफी सुविधा होगी। बारीश के दिनों में भी किसान अच्छी-खासी आमदनी कर सकते है। नावाडीह प्रमुख पूनम देवी ने कहा कि किसी भी प्रकार की योजना ब्लॉक में आती है तो मेरा प्रयास रहेगा कि उस योजना का लाभ हर ग्राम में पहुंचा सकूं। कहा कि और भी पंचायत में बाजार शेड का निर्माण करवाने का प्रयास करूंगी। इस मौके पर उप प्रमुख हरीलाल महतो, जिला परिषद फूलमती देवी, विधायक प्रतिनिधि टेकलाल महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि कोलेसवर महतो, बरई उप मुखिया जोगेश्वर महतो, बासुदेव शर्मा, उमेश महतो आदि उपस्थिति थे।

## पत्नी गयी मायके, तो पति ने फंदे पर झूल कर दी जान

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह थाना क्षेत्र के बोरवाडीह गांव में 30 वर्षीय एक युवक ने अपनी ही दुकान में फांसी का फंगा लगाकर खुदकुशु कर ली। उसकी पहचान सुरेश महतो के रूप में हुई है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। सूत्रों की मानें तो जिस समय घटना हुई मृतक सुरेश महतो की पत्नी चिन्ता देवी मायके गई हुई थी। इसकी सूचना पाकर नावाडीह थाना के एएसआई जयशीष शर्मा बुधवार की सुबह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए चास सदर अस्पतला भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पत्नी चिंता देवी सोमवार की सुबह अपने मायके गई थी। वहां उसकी भाभी अस्पताल में भर्ती थी। वह अपने दोनों बच्चों कृष्ण कुमार (8) और सोनम कुमारी (5) को पति के पास ही छोड गई थी। सुरेश महतो ने मंगलवार को फोन कर घर लौटने को कहा, लेकिन पत्नी ने एक-दो दिन बाद लौटने की बात कही। इससे सुरेश नाराज हो गया। उसने अपनी बेटी सोनम कुमारी को दादी के पास खाना खिलाकर सुला दिया और बेटे कृष्ण कुमार को साथ लेकर दुकान वाले घर में गया। बुधवार की सुबह बेटा उठा तो पिता को रस्सी के सहारे झूलते पाया। उसने शोर मचाया तो ग्रामीणों भी भीड़ जुट गई। खबर पाकर मंत्री बेबी देवी, प्रमुख पूनम देवी, उपप्रमुख हरिलाल महतो पहुंची।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढवा

**आवश्यक सूचना।**

(नोटिस)

नाम–(1) काण्ड के प्रा0अभि0– सलील खान उर्फ शमीम अंसारी, पिता–गफ्फार अंसारी, सा0–चौपरिया, थाना–रामगढ़, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड। गढ़वा थाना काण्ड सं0–163/2018, दिनांक–30.04.2018, धारा–341/323/379/307/354/354(D), प्रा0अभि0–सलील खान उर्फ शमीम अंसारी, पिता–गफ्फार अंसारी, सा0–चौपरिया, थाना–रामगढ़, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त है, जो उक्त काण्ड में फिरार है। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, माननीय न्यायालय, गढ़वा से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, माननीय न्यायालय, गढ़वा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 303289 (Police) 23-24 (D)


## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रोजेक्ट प्रेरणा ने 10वीं में बेहतर परिणाम लाने वाले शीर्ष 10 छात्रों को किया सम्मानित




बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल स्टील लिमिटेड ने वेदांता ईएसएल के प्रेरणा एक्सेल सेंटर, बिजुलिया में जेएसी/सीबीएसई में कक्षा 10वीं को पास करने वाले शीर्ष छात्रों को सम्मानित किया। प्रोजेक्ट प्रेरणा एक शिक्षा परियोजना है जो सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन (एसएसडीएफ) के साथ साझेदारी में है, जिसका उद्देश्य ईएसएल के सीएसआर के कार्यान्वयन क्षेत्रों में चास और चंदनकियारी ब्लॉक के अंतरिक्ष में समाज के जरूरतमंद छात्रों को गुणवत्ता और समान शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। वर्तमान में 16 रीमेडियल कोचिंग सेंटर्स हैं जो ट्यूटोरियल्स, ड्राइंग क्लासेस और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों की तैयारी के लिए एक्सेल 30 सेंटर का संचालन करते हैं। सम्मान समारोह में श्रेष्ठ 10 छात्रों को उनके अद्भुत प्रदर्शन के लिए टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। ये टैबलेट छात्रों की शैक्षिक प्रतियोगिताओं में मदद करने और उनके शिक्षा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हैं। शिक्षकों को भी महान परिणामों को संभव करने के लिए पुरस्कारित किया गया। यह सभी के लिए एक महत्वपूर्ण साधना थी क्योंकि प्रोजेक्ट प्रेरणा के माध्यम से हमने 90 छात्रों को प्रथम डिवीजन प्राप्त करने में सफलता के साथ 100 फीसदी सफलता दर तक पहुंचने में सफलता हासिल की। 24 छात्र दूसरी डिवीजन प्राप्त करने में सफल हुए, जिससे यह एक यादगार दिन बन गया। सम्मान समारोह, बिजुलिया स्थित वेदांता ईएसएल के एक्सेल 30 में आयोजित किया गया था, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए खिरोद कुमार बारिक (डेप्युटी सिक्योरिटी ईएसएल) ने विद्यार्थियों से कहा कि अपनी सोच को बदलने की जरूरत है। फिर सब कुछ संभव होगा, क्योंकि यह सोच छात्रों की जीवन शैली को बेहतर बनाने में मदद करेगी और उन्हें देश को आगे ले जाने में मदद करेगी। वेदांता ईएसएल व्यक्ति-विशेष को स्वतंत्र बनाने और उन्हें विभिन्नता, समानता और सम्मिलन के साथ आवश्यक संसाधनों से सशक्त बनाने पर विश्वास करता है।

### जदयू ने धनबाद के सांसद का पुतला फूंका



धनबाद (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की धनबाद महानगर शाखा ने बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर सांसद का पुतला दहन किया। जदयू नेताओं ने सांसद को विकास विरोधी करार दिया। पार्टी के जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह ने कहा कि धनबाद के सांसद को जन सरोकार से कोई लेना देना नहीं है। धनबाद की जनता ने इन्हें दो बार विधायक एवं तीन-तीन बार सांसद के रूप में जीत दिलाया इसके बावजूद आज तक धनबाद में कोई ऐसा काम नहीं किये जिससे यहां की जनता को लाभ मिले। इनके शासन काल में धनबाद से एयरपोर्ट, एम्स, दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन आदि दूसरी जगह चला गया। कई और ट्रेन भी यहां से हटने वाली है। इसके बावजूद इन्होंने इन मुद्दों पर कभी लोकसभा में नहीं उठाया। पिंटू सिंह ने जनता से अपील की कि 2024 लोकसभा चुनाव में ऐसे सांसद की जीताए जो संसदीय क्षेत्र के प्रति जिम्मेवार हो। यहां विकास कार्य करे। उधर, पुतला दहन से पूर्व जदयू कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला लेकर कोर्ट मोड़ से डीसी ऑफिस तक भ्रमण किया। उसके बाद रणधीर वर्मा चौक पर पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे ने किया। मौके पर पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, धनबाद महानगर के पूर्व अध्यक्ष राजू सिंह, प्रदेश महासचिव उचित महतो, अनुशासन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र राही, सुभाष राय, प्रदेश के जदयू नेता मुन्ना सिन्हा, गोपाल चंद्र गोप, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बबीता देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता देवी, महासचिव पुष्पा पाण्डेय, प्रवक्ता भगवान दास शर्मा, सकलदेव राय, जिला महासचिव इंदल सिंह, सूरज कुमार सिंह, प्रकाश मंडल, अशोक दास, बबलू मोदक, स्मृतिकांत सिंह, शंकर विद्यार्थी, फिरोज अंसारी, सुभाष सिंह, लगन महतो और मधु हाड़ी आदि उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर गोमिया थाना में शांति समिति की बैठक

गोमिया (आजाद सिपाही)। थाना सभागार में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें बीडीओ कपिल कुमार, सीओ संदीप अनुराग टोपनो, पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह और थाना प्रभारी राजेश रंजन आदि उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद थे। बीडीओ ने मुहर्रम त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खतरनाक कर्तब दिखाने पर पाबंदी रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान पुलिस गश्ती तेज कर दी जाएगी। इस मौके पर अवर निरीक्षक रमन यादव, राजेश विश्वकर्मा, मुखिया बलराम रजक, रामवृक्ष मुर्मू, विनोद विश्वकर्मा, धनंजय सिंह, पंसस सुशीला देवी आदि मौजूद थे।

## भाजपा के नौ साल के कार्यकाल में हुआ देश का चहुंमुखी विकास: विनय

**विकास कार्यों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा के अनुसूचित जाति बहुल्य गांव हेठलापीठ में भाजपा की ओर से आयोजित महाजनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सेवानिवृत्त इंजीनियर विनय कुमार सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल में किए गए विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नौ साल में देश में चौमुखी विकास हुआ है। जन कल्याणकारी योजनाओं से



गरीबों को मिली सुविधा जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को रसोई गैस सिलिंडर, शौचालय, कोविड-19 प्रारंभ काल से ही प्रति व्यक्ति प्रति महीना पांच किलो मुफ्त अनाज आदि कार्य बेमिसाल हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री और भाजपा की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर परमेश्वर दास, विजय दास, जागेश्वर दास, सनीचर दास, कृष्णा रवि, विष्णु दास, प्रीतम दास, जमुनादास और करण दास सहित दर्जनों लोग ने भाजपा का दामन थाम लिया। कार्यक्रम में गिरिडीह विधानसभा पूर्वी भाग के मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महामंत्री प्रदीप राय, ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य वासुदेव राम चंद्रवंशी और लाल मोहन तिवारी आदि उपस्थित थे।


Tender ref. No,: 878 Dated:- 25/07/2023

### District Collectorate, District Supply Office
Khunti, Jharkhand

**RE-TENDER FOR THE INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF KHUNTI DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Khunti, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: 9219516455/ 9795046722<br>Suraj Murmu: 7488569109 Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Officer Khunti Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Khunti, Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 27-07-2023 |
| 8. | Bid Submission End | 02-08-2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 03-08-2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | -------------- |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://khunti.nic.in & https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. **All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.**
2. **Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://khunti.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in**

**District Supply Officer
Khunti**

PR 303290 District (23-24)_D


## कांग्रेस के सम्मेलन में असंतुष्ट कार्यकर्ताओं ने नेताओं पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा के बड़ा पांडेयडीह में कांग्रेस की ओर से एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें एक तरफ प्रशासनिक अधिकारियों को अप्रत्यक्ष रुप से भाजपा समर्थक बताया गया। वहीं दूसरी ओर पार्टी के वरीय नेताओं के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए सहयोग नहीं करने का आरोप भी लगाया गया। हालांकि जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने मोर्चा संभालते हुए कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि किसी भी परिस्थिति में जिला कमेटी एक-एक कार्यकर्ता के



साथ पूरी तरह साथ खड़ी है। इस अवसर पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की भी जमकर आलोचना की गयी। वक्ताओं के निशाने पर विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व सीएम रघुवर दास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहे। वक्ताओं ने कहा कि भारत जोड़ों यात्रा के बाद राहुल गांधी ने जब सदन में भाजपा सरकार की कारगुजारियों को उजागर किया गया तो षड्यंत्र के तरह उनकी (राहुल गांधी) की सदस्यता रद्द करवा दी गयी। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि 2024 में होने जा रहे लोकसभा व झारखंड विधानसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरें। इस दौरान सभा को प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, लक्ष्मण तिवारी, अशोक लाल, जावेद रजा, निवारण महतो, राहुल महतो, चक्रधारी महतो, महादेव महतो, छोटेलाल महतो, विकास सिंह, टीपी पांडेय, दयाल महतो, लग्नदेव यादव और इंदल यादव आदि ने भी संबोधित किया।


### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड रॉची के पत्र संख्या–27/ऑ० दिनांक–05.06.2023 एवं स्वीकृत्यादेश संख्या–527 दिनांक–22.05.2023 के आलोक वित्तीय वर्श 2023–24 के लिए कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी परियोजना कार्यालय में निः शक्त व्यक्तियों को विशेश यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। **विशेष यंत्र एवं उपकरणों के नाम निम्न है :–**

| क्र० स० | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1. | ट्राईसाइकिल (वयस्क) |
| 2. | व्हील चेयर (वयस्क) |
| 3. | बैशाखी (वयस्क) |
| 4. | बैशाखी (मध्यम) |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता /एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन मुहरबंद लिफाफे में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान जिला समाज कल्याण कार्यालय कोडरमा में दिनांक–08/08/2023 को पूर्वाहन/अपराह्न 12:00 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते है। उक्त निविदा उपायुक्त के सभा कक्ष में दिनांक–08/08/2023 को 3.00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र० | विवरणी | तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| 1. | निविदा की कुल राशि | |
| 2. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 26/07/2023 |
| 3. | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा |
| 4. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 08/08/2023 |
| 5. | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 08/08/2023 |
| 6. | निविदाताओं का जिला क्रय समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | 08/08/2023 |

**नोटः–** उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त, कोडरमा

**PR 303308 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D**


### कतरास भंडारीडीह सामुदायिक भवन में भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

## भारत का खाकर पाकिस्तान का गुण गाने वालों के लिए देश में कोई जगह नहीं : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** भंडारीडीह स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को वार्ड नंबर-2 के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कतरास मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा और संचालन छोटू पासवान ने की। कार्यक्रम में दो नंबर वार्ड के लोगों ने अपने-अपने मुहल्ले की समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने एक महीने के अंदर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भारत का खाकर पाकिस्तान का गुण गाने वाले गद्दारों के लिए देश में कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का स्वाभिमान बढ़ाने में जुटे हैं।



सनातन धर्म के प्रति गलत मानसिकता रखने वालों को ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की लूट हो रही है। अवैध माइनिंग के कारण हजारों लोग काल के गाल में समा गए। कानून व्यवस्था रसातल में जा चुकी है। गुंडागर्दी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस की सरकार चार दिनों की है। इस बार जनता उन्हें जरूर सबक सिखायेगी। इस मौके पर अनिल उपाध्याय, छोटू पासवान, महेश पासवान, इंदर सिंह, बबलू बनर्जी, मुकेश झा, डब्ल्यू हाडी, सुभाष रजवार, मनोज लाला, अभय सिंह, रघुनाथ हजारी, आनंद शर्मा, कन्हाई पासवान, श्रवण भुइंया, जितेंद्र शर्मा, मिथिलेश भुइयां, रविंद्र विजन, राजू रिखयाशन, गौतम रिखयाशन, संजय रिखयाशन, सुरेश रवानी आदि उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार
### समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग
### झारखण्ड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची – 834 004

**राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा अधिसूचित झारखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियमावली–2018 सह पठित झारखण्ड दिव्यांगजन अधिकार (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 में राज्य निःशक्तता आयुक्त हेतु वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक एवं अर्हताधारी सरकारी सेवा में कार्यरत पदाधिकारियों/अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों एवं गैर सरकारी व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किऐ जाते है :–

**(1) वेतन एवं भत्तेः–**

I. **कार्यरत सरकारी सेवक की नियुक्ति के मामले में**
कार्यरत सरकारी सेवक के मामले में उनके राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति के समय उन्हें तत् समय प्राप्त हो रहे वेतनमान देय होगा।

II. **सेवानिवृत्त सरकारी सेवक/गैर सरकारी व्यक्ति के नियुक्ति के मामले में**
यदि राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त सरकारी सेवक नियुक्त होते हैं तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शर्त्तों के अनुसार गणना कर वेतनमान देय होगा। गैर सरकारी व्यक्ति के नियुक्ति के मामले में रु० 60,000=00 (साठ हजार रूपये) प्रतिमाह नियत वेतन प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा निर्धारित अन्य सुविधाऐं भी देय होगा।

**(2) राज्य निःशक्तता आयुक्त का कार्यावधि :–**

I. राज्य निःशक्तता आयुक्त को पूर्णकालिक आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार प्रशासी विभाग द्वारा सेवा की अवधि विस्तार 01–01 साल का अधिकतम दो बार तक किया जा सकेगा।

II. उपरोक्त नियुक्ति राज्य निःशक्तता आयुक्त का पद धारण करने वाले व्यक्ति के अधिकतम 65 वर्ष तक के लिए होगी।

III. विज्ञापन में वर्णित शर्त्तों के अतिरिक्त अन्य शर्तें झारखंड दिव्यांगजन अधिकार नियमावली– 2018 सह पठित झारखण्ड दिव्यांगजन अधिकार (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 के अनुरुप होगी।

**आवेदन देने की प्रक्रिया** – इच्छुक आवेदक अपने बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव के प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियों के साथ **सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची–834004** में अपना आवेदन सिर्फ निबंधित डाक से भेज सकते है। आवेदक लिफाफे के ऊपर बड़ें अक्षरों में **" राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र "** अंकित करेंगे। राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति से संबंधित झारखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियमावली–2018 सह पठित झारखण्ड दिव्यांगजन अधिकार (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2023 अन्तर्गत अध्याय– 9 की प्रति, शर्त्तें एवं अहताएँ एवं आवेदन प्रपत्र विभागीय वेबसाईट https://www.jharkhand.gov.in/wcd के RECRUITMENT कॉलम में उपलब्ध है।

**(3) आवेदन देने की अंतिम तिथि** – दिनांक–**25 अगस्त, 2023 के अपराह्न 5.00 बजे** तक। इसके उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ह0/–
(विक्रमा राम)
सरकार के अवर सचिव

**PR 303320 Women, Child Development & Social Security(23-24).D**

## केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक का भुवनेश्वर दौरा



भुवनेश्वर। केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक अशोक चंद्रा दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंच रहे हैं। अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान,चंद्रा केनरा बैंक के कॉर्पोरेट और एचएनआई ग्राहकों से मिलेंगे और बातचीत के माध्यम से ग्राहक और संस्थान के बीच संबंधों को मजबूत करेंगे। वह भुवनेश्वर स्थित भारत सरकार और ओडिशा सरकार के उच्च अधिकारियों समेत ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, 27 जुलाई, 2023 को वह केनरा बैंक के वैश्विक कारोबार में केनरा बैंक भुवनेश्वर सर्कल के योगदान और ओडिशा में नए व्यापार के अवसरों के संबंध में केनरा बैंक भुवनेश्वर सर्कल के क्षेत्रीय कार्यालयों, एलसीबी, एमसीबीएस, ईएलबीएस, वीएलबीएस के प्रमुखों के साथ चर्चा करेंगे।

## आश्रम के बच्चों के बीच बैग और लेखन सामग्री वितरित



भुवनेश्वर। संबलपुर आई जेक सांतरा बाल निकेतन (फुल झरण) के बच्चों को जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह के निर्देशन में लगभग 82 बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन तथा चॉकलेट आदि वितरित की गयी। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। वे बच्चों से स्नेहपूर्वक मिले एवं शिक्षा संबंधी बातचीत की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंडल की उपाध्यक्ष सरिता पटेल, रश्मि बेहरा तथा अंजली बापट भी उपस्थित थी तथा बच्चों के खुशी में पूर्णत शामिल रहते हुए पढाई संबंधी सामग्री वितरण में सहयोग की। मंडल की सचिव विनीता सिन्हा, संयुक्त सचिव अलका मेहरा भी इस खूबसुरत क्षणों का हिस्सा बनी।

## ज्ञानवापी के सर्वे पर आज फिर सुनवाई होगी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाइकोर्ट ज्ञानवापी के एएसआइ सर्वे पर गुरुवार को फैसला सुनायेगा। तब तक सर्वे पर रोक जारी रहेगी। मामले की सुनवाई गुरुवार दोपहर 3:30 बजे फिर से होगी। कोर्ट ने एएसआइ के एक अफसर को पेश होने का आदेश भी दिया है। सुनवाई के दौरान एएसआइ ने कोर्ट में हलफनामा दिया है।

### दौरा : राष्ट्रपति ओड़िशा उच्च न्यायालय के 75वें वर्ष के समापन समारोह में शामिल हुईं

# कानूनी पेशेवरों को शीघ्र सुनवाई और त्वरित न्याय की दिशा में काम करना चाहिए : द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज (26 जुलाई, 2023) कटक में ओडिशा उच्च न्यायालय के 75वें वर्ष के समापन समारोह में भाग लिया और संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरूआत कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वालों में ओडिशा के भी कई सैनिक शामिल हैं। मेजर पद्मपाणि आचार्य को उनके योगदान के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि इन सैनिकों की बहादुरी हमारे नागरिकों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। ओडिशा उच्च न्यायालय के 75वें वर्ष समारोह के बारे में चर्चा करते




हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा उच्च न्यायालय ने 75 वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा में कई उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। इस उच्च न्यायालय के दिग्गजों में बाबू जगन्नाथ दास, रंगनाथ मिश्रा, राधा चरण पटनायक, देबा प्रिया महापात्र, गोपाल बल्लभ पटनायक, अरिजीत पसायत, अनंग कुमार पटनायक और दीपक मिश्रा जैसे न्यायाधीशों की एक लंबी सूची शामिल है जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने और उनमें से कुछ ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस न्यायालय की प्रतिष्ठा के पीछे इस उच्च न्यायालय के पूर्व और वर्तमान मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों का योगदान, निष्ठा, काम के प्रति समर्पण और वृहद ज्ञान है। राष्ट्रपति ने कहा कि जो संस्था समय के बदलाव के साथ नहीं बदलती, वह पिछड़ जाती है। उन्होंने कहा कि ओडिशा उच्च न्यायालय ने न्याय वितरण प्रणाली में तकनीकी प्रगति को शामिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने कई आधुनिक, नवीन और प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तनों के माध्यम से न्याय वितरण प्रणाली को सुव्यवस्थित और तेज करने के लिए ओड़िशा उच्च न्यायालय की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में कानूनी पेशे ने नागरिकों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक के रूप में मजबूत है। उन्होंने वकीलों से त्वरित सुनवाई और त्वरित न्याय की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह उन निर्दोषों को मुक्त करा सकती है जो छोटे-मोटे आरोपों के आधार पर जेल में बंद हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं कि लोगों को उन अपराधों के लिए निर्धारित सजा से अधिक समय तक जेल में रखा गया, जिनके लिए उन पर आरोप लगाया गया था। इसके कारण निर्दोष व्यक्ति अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय गंवा देते हैं। दूसरी ओर, पीड़ित भी उम्मीद खो देते हैं, जब वे दोषियों को कानूनी परिणामों का सामना न करते देखते हैं। इस तरह की देरी एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने ओडिशा उच्च न्यायालय से जुड़े सभी लोगों से शीघ्र न्याय प्रदान करने की दिशा में काम करने और पूरे देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को न्याय प्रदान करने को प्राथमिकता दी है। समाज के वंचित वर्ग के लोगों के पास न्याय तक पहुंचने के लिए न तो अधिक ज्ञान है और न ही उनके पास संसाधन हैं। अतः हमारे सामने यह प्रश्न है कि 'उन्हें न्याय कैसे मिलेगा?' इस प्रश्न पर गहन मंथन की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं मानवता के लिए चुनौती खड़ी करती हैं। प्रकृति के साथ अनुकूलन कायम करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका एवं विधायिका के साथ-साथ न्यायपालिका को भी पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

## न्यूज रील्स

### आप सांसद राघव चड्ढा के सिर पर कौआ बैठा

**नयी दिल्ली।** संसद परिसर में आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा के ऊपर कौआ बैठ गया। राघव उस समय फोन पर बात कर रहे थे। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाजपा ने राघव की तस्वीरें ट्वीट करते हुए तंज कसा। झूठ बोले कौआ काटे। आज तक सिर्फ सुना था, आज देख भी लिया कौए ने झूठे को काटा। राघव ने भाजपा पर तंस करते हुए जवाब दिया कि रामचंद्र कह गये सिया से ऐसा कलयुग आयेगा, हंस चुगेगा दाना दुनका कौवा मोती खायेगा। आज तक सुना था, आज देख भी लिया।

### हरियाणा में भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

**चंडीगढ़।** अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए हरियाणा में भाजपा तिरंगा यात्रा शुरू करने जा रही है। ये यात्राएं सभी 90 विधानसभाओं में निकाली जायेंगी। पार्टी ने सभी मोर्चों को इन यात्राओं को करने की जिम्मेदारी दी है। इसके लिए पार्टी की ओर से शेड्यूल भी जारी किया गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा को 22 यात्राएं निकालने की जिम्मेदारी दी गयी है।

### कारगिल दिवस पर लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों का फ्लाई पास्ट

# राजनाथ बोले- जरूरत पड़ी तो एलओसी पार करेंगे, युद्ध के लिए तैयार रहना होगा

- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे
- 26 जुलाई, 1999 को कारगिल में हिंदुस्तान फौज ने तिरंगा लहराया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**लद्दाख।** कारगिल दिवस के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लद्दाख के द्रास में कारगिल वॉर मेमोरियल पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे। उन्होंने भी कारगिल युद्ध के शहीदों को पुष्पांजलि दी। कारगिल युद्ध विजय को 24 साल हो गए हैं। 26 जुलाई, 1999 को कारगिल में हिन्दुस्तान फौज ने तिरंगा लहराया था। इस जंग में भारत के 527 जवान शहीद हुए थे। इन शहीदों को सम्मान देने के लिए 4 मिग-29 एयरक्राफ्ट्स ने फ्लाई पास्ट किया। 3 चीता हेलिकॉप्टर्स ने मेमोरियल पर फूल बरसाए। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, कारगिल युद्ध में हमने लाइन ऑफ कंट्रोल पार नहीं किया था। इसका मतलब यह नहीं कि हम एलओसी पार नहीं कर सकते थे। हम ऐसा कर सकते थे, कर सकते हैं और जरूरत पड़ी तो ऐसा करेंगे भी। उन्होंने ये भी कहा कि जनता को युद्ध के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।



### सेना की मदद करने के लिए जनता को तैयार रहना होगा: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री बोले- हमारी सेना ने हमेशा बताया कि जंग न्यूक्लियर बम से नहीं लड़ी जाती है, बल्कि शौर्य और अदम्य इच्छाशक्ति से लड़ी जाती है। युद्ध सिर्फ सेना ही नहीं लड़ती बल्कि युद्ध दो राष्ट्रों और उनकी जनता के बीच होता है। किसी भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से सेनाएं तो भाग लेती ही हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से उस युद्ध में किसान से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक व कई सारे पेशों के लोग शामिल होते हैं। हाल के दिनों में युद्ध लंबे खिंच रहे हैं। आने वाले समय में जनता को इनडायरेक्ट नहीं बल्कि सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होने के लिए तैयार होना चाहिए। जनता को इस बात के लिए मानसिक रूप से तैयार होना होगा कि जब भी देश को उनकी जरूरत पड़े, वे सेना की मदद के लिए तत्पर रहे।

**रक्षा मंत्री बोले-भारत पर थोपा गया था कारगिल युद्ध**

राजनाथ सिंह ने कहा कि कारगिल में भारतीय ध्वज इसलिए लहरा रहा है क्योंकि 1999 में भारतीय सैनिकों ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए दुश्मनों की छाती पर अपना तिरंगा लहरा दिया था। कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। उस समय प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपायी ने पाकिस्तान जाकर कश्मीर समेत अन्य मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया था, लेकिन पाकिस्तान ने हमारी पीठ में खंजर घोंप दिया।

# काला जादू करने के शक में व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** ओडिशा में एक व्यक्ति को लोगों ने काला जादू करने के शक में पीट-पीट कर मार दिया। घटना सोमवार को ओडिशा के संबलपुर जिले के डिमिरिकुडा गांव में हुई। मृतक का नाम शुक्रु माझी (50) है। घटना को मृतक के घर में अंजाम दिया गया है।मृतक के पड़ोसी ने कई बार उस पर काला जादू करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर पड़ोसी और मृतक के बीच में पहले भी झगड़े हुए थे। किसिंडा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि मामले को लेकर पड़ोसी पर एफआइआर दर्ज की गई। थोड़ी देर बाद जब वह घर के अंदर आई तो उसका पति फर्श पर बेहोश पड़ा था। थोड़ी देर बाद गांव के लोग माझी को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसिंडा पुलिस स्टेशन इंचार्ज ने बताया कि मौके से लाठी,डंडे और कुल्हाड़ी बरामद की गई है।

### मृतक के बेटे की मौत के बाद पड़ोसी का शक जागा

रैढ़ाखोल सब-डिविजन के पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार साल पहले माझी के चार साल के बेटे की मौत भी हुई थी। इसके बाद से पड़ोसी को लगने लगा कि माझी ने अपने बेटे की बलि दी है। उसे डर था कि माझी और लोगों की बलि न दे, इसलिए उसने कुछ और लोगों के साथ मिलकर उसे मार डाला। पड़ोसी को मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लाठी, डंडों से पीट कर हत्या की

मृतक की पत्नी रतनी ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात पड़ोसी के साथ चार-पांच लोग उनके घर में घुसे और लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से उसके पति को मारने लगे। घटना के समय रतनी घर के पीछे हिस्से में काम कर रही थी। हथियार के साथ लोगों को देख कर वह डर के मारे घर के पीछे छिप गई।















# विधायक की सुनियोजित साजिश के कारण नालको ताप विद्युत संयंत्र की तीन यूनिटें बंद : कालंदी सामल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तालचेर के विधायक ने अंगुल जिले और विशेष रूप से तालचेर को कंगाल बनाने की एक अच्छी योजना बनाई है। भाजपा के राज्य संपादक कालंदी सामल ने ट्वीट किया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नालको द्वारा तालचेर क्षेत्र में जानबूझकर पाइपलाइन का काम रोकने और वहां अराजकता पैदा करने की साजिश रची गयी है। उन्होंने कहा कि विधायक की सुनियोजित साजिश के कारण नालको ताप विद्युत संयंत्र या सीपीपी संयंत्र लिनस्लरी परियोजना से राख का निष्कासन नहीं हो पा रहा है। इस आंदोलन के कारण सीपीपी की तीन यूनिट बंद हो गई हैं। परिणामस्वरूप, उत्पादन मानकों में गिरावट आई है और



गुणवत्ता मानक कमजोर हुए हैं। इससे स्थानीय क्षेत्र की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है और सैकड़ों करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। नालको अधिकारियों द्वारा राज्य के मुख्य प्रशासनिक सचिव और जिला कलेक्टर को लिखित रूप से सूचित करने के बाद भी कुछ हासिल नहीं हुआ है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुलिस प्रशासन ने राख निष्कासन की समस्या को रोकने वाले असामाजिक लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। बीजू जनता दल के नेता नियमों का उल्लंघन करके आंदोलन जारी रखे हुए हैं। हालांकि नवीन पटनायक सरकार ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लिनस्लरी परियोजना में राख के निपटान की अनुमति दी है, लेकिन सत्तारूढ़ दल के नेता अपनी जिद के कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल बनाने में लगे हुए हैं। स्थानीय विधायक ने प्रभावित क्षेत्र में बाहरी लोगों को काम पर रखकर प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। नई नौकरियां पैदा करने के बहाने बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। क्या खुद को गुलाम कहने वाले प्रणब प्रकाश दास अनुगोल जिले के औद्योगिक क्षेत्रों को कंगाल बनाने में मदद नहीं कर रहे हैं? क्या वह राज्य के ऊर्जा मंत्री हैं या पर्यावरण मंत्री? इसे अंगुल जिला विशेषकर तालचेर के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसा कहा जाता है कि श्री दास अप्रत्यक्ष रूप से अपने व्यावसायिक हितों के लिए राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों पर दबाव डालने के लिए ऐसा कर रहे हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**